Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 109 | सोमवार, 21 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पांच दिन में दो लाख भक्तों का पंजीकरण

# अमरनाथ यात्रा के लिए देशभर की 533 बैंक शाखाओं में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी



**जम्मू।**

तीन जुलाई से शुरू होने वाली यात्रा में ज्यादातर शिवभक्त पवित्र हिमलिंग के दर्शन करने को आतुर हैं। इस बार भी यात्रियों में खासा उत्साह है श्री अमरनाथ यात्रा के लिए पांच दिन में करीब दो लाख श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन अग्रिम पंजीकरण करवा चुके हैं।

तीन जुलाई से शुरू होने वाली यात्रा में ज्यादातर शिवभक्त पवित्र हिमलिंग के दर्शन करने को आतुर हैं। इस बार भी यात्रियों में खासा उत्साह है। पिछली यात्राओं में 15 से 20 दिन में ही हिमलिंग अंतर्ध्यान हो गए थे। पवित्र गुफा के नजदीक पहाड़ी इलाकों में भी मौसम में बदला है। देशभर की 533 बैंक शाखाओं में यात्री पंजीकरण प्रक्रिया जारी है। यात्रा शुरू होने पर मौके पर भी पंजीकरण सुविधा दी जाएगी। जिले में श्री अमरनाथ यात्रा को लेकर भक्तों में उत्साह है। गत 16 अप्रैल से पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में शुरू हुए पंजीकरण का सिलसिला जारी है। यहां तीन दिन में 233 श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए पंजीकरण करवाया है। यात्रा पंजीकरण को लेकर शनिवार को शाखा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला। यहां 43 भक्तों ने यात्रा के लिए पंजीकरण करवाया। इसमें बालटाल मार्ग पर बाबा का दर्शन करने वाले 20 और पहलगाम के रास्ते जाने वाले 23 यात्री शामिल रहे। बता दें कि गत वर्ष जहां पूरे यात्रा सीजन के दौरान कठुआ जिले से 400 के करीब भक्तों ने यात्रा के लिए अपना पंजीकरण करवाया था। वहीं, इस बार तीन दिन में ही पंजीकरण का आंकड़ा 233 पहुंच चुका है। इसमें 93 भक्त बालटाल और 140 भक्त पहलगाम के रास्ते बाबा का दर्शन करने के लिए पवित्र गुफा की ओर जाएंगे। इसमें सबसे खास पहलू यह है कि इनमें 75 महिला श्रद्धालु शामिल हैं।

# मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को वानखेड़े में रौंदा



**नई दिल्ली।**

स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2025 मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स को 9 विकेट से हरा दिया।

इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए, जिसके जवाब में मुंबई इंडियंस ने 26गेंद शेष रहते मैच अपने नाम कर लिया। मुंबई इंडियंस ने रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स को 9 विकेट से हरा दिया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए, जिसके जवाब में मुंबई इंडियंस ने 26गेंद शेष रहते मैच अपने नाम कर लिया। मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 15.4 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाए। इस दौरान रोहित ने नाबाद 76 रन और सूर्या ने 68 रन बनाए। वहीं चेन्नई के लिए जडेजा ने एक विकेट झटका। आईपीएल 2025 के इस एकतरफा मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर लगातार मुंबई ने तीसरी जीत दर्ज की।

## हिंदु कुश में हिमपात का स्तर 23 साल के निचले स्तर पर



**नई दिल्ली।** आईसी आईएमओडी की रिपोर्ट के अनुसार, सर्दियों के महीनों के दौरान आमतौर पर जमीन पर गिरने वाली बर्फ तेजी से पिघल रही है। शुष्क मौसम के दौरान यह हिमपात नदियों के लिए एक महत्वपूर्ण जल स्रोत है। हिंदु कुश क्षेत्र में बर्फ के स्तर में तेज गिरावट से भारत और पड़ोसी देशों में करीब दो अरब लोगों को पानी की आपूर्ति से जूझना पड़ सकता है। हिंदु कुश हिमालय (एचकेएच) क्षेत्र में इस साल हिमपात का स्तर 23 साल के निचले स्तर पर पहुंच गया है। क्षेत्र में आमतौर पर नवंबर से मार्च के बीच जमीन पर बर्फबारी सामान्य स्तर से 23.6 फीसदी कम हुई। इसके चलते दक्षिण एशिया की जल सुरक्षा खतरे में है। इसका खुलासा एक अंतर-सरकारी संस्था इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) की सोमवार को प्रकाशित नई रिपोर्ट में हुआ है।

## खराब मौसम के चलते आज घाटी के सभी स्कूल बंद



**जम्मू।** अधिकारियों ने अभिभावकों और छात्रों से मौसम की स्थिति पर नजर रखने और सुरक्षा दिशानिदेर्शों का पालन करने की अपील की है। जम्मू-कश्मीर में लगातार खराब मौसम और मौसम विभाग के पूवार्नुमान को देखते हुए घाटी के सभी स्कूलों में 21 अप्रैल को एक दिन के लिए कक्षाएं स्थगित करने का फैसला लिया गया है। यह निर्णय छात्रों की सुरक्षा और भलाई को ध्यान में रखते हुए एहतियाती कदम के तौर पर लिया गया है। स्कूल और उच्च शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर इसकी जानकारी दी।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति की 4 दिवसीय भारत यात्रा

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी सीनेटर जेडी वेंस भारत यात्रा पर आ रहे हैं, जहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस वार्ता में आर्थिक, व्यापार और भू-राजनीतिक संबंधों पर चर्चा होने की उम्मीद है। दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसका लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक बढाना है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत आ रहे हैं। यह उनकी पहली आधिकारिक भारत यात्रा होगी, जिसमें



उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा चिलुकुरी वेंस और तीन बच्चे भी उनके साथ होंगे। वेंस 21 अप्रैल को भारत पहुंचेंगे और अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान दिल्ली, जयपुर और आगरा का दौरा करेंगे। जेडी वेंस की भारत की आधिकारिक यात्रा 90 दिन की टैरिफ पॉज विंडो के बीच हो रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, परिवार के अलावा, अमेरिकी उपराष्ट्रपति के साथ पेंटागन और स्टेट डिपार्टमेंट के प्रतिनिधियों सहित कम से कम पाँच वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी भी होंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जेडी वेंस और उनके परिवार का सोमवार, 21 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे पालम स्थित वायुसेना स्टेशन पर स्वागत किया जाएगा। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि वेंस परिवार दिल्ली के आईटीसी मौर्या शेरेटन होटल में ठहरेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, 21 अप्रैल को दिल्ली पहुंचने के तुरंत बाद वेंस और उनके परिवार के स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर और पारंपरिक भारतीय शिल्प बेचने वाले बाजार का दौरा करने की उम्मीद है।

# मौसम विभाग का अलर्ट, पूर्वोत्तर भारत में बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।**

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अगले पांच दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। मध्य भारत और गुजरात में अगले 24 घंटों में तापमान स्थिर रहेगा, लेकिन इसके बाद 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। पूर्वी भारत में अगले चार दिनों



में अधिकतम तापमान में 4-6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में फिर से लू चलने की आशंका जताई है। विभाग ने अगले पांच दिनों में पूर्वोत्तर भारत में गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अगले पांच दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। मध्य भारत और गुजरात में अगले 24 घंटों में तापमान स्थिर रहेगा।

## कर्नाटक के पूर्व डीजीपी की अपने ही घर में की गई हत्या

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के पूर्व डीजीपी/आईजीपी (सेवानिवृत्त) ओम प्रकाश की उनके आवास में हत्या कर दी गई है। ये जानकारी बंगलूरू पुलिस की तरफ से साझा की गई है। बता दें कि, ओम प्रकाश 1981 बैच के अधिकारी है। फिलहाल पुलिस मामले में सभी एंगल से जांच कर रही है। कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश की रविवार को हत्या हो गई। पुलिस ने पत्नी पल्लवी और बेटी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

# मणिपुर में पुलिस ने 9 लोगों को किया गिरफ्तार, प्रतिबंधित संगठनों से ताल्लुक

**नई दिल्ली।**

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगने के बाद भी हालात पूरी तरह से सामान्य नहीं हुए हैं। बीते 48 घंटे में इंफाल घाटी से 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह सभी लोग प्रतिबंधित संगठनों के सदस्य हैं, जिनकी गिरफ्तारी मणिपुर के अलग-अलग जिलों से हुई है।

शनिवार को इंफाल पूर्व जिले के नोंगडम गांव से यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट के 2 सदस्यों को



हिरासत में लिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार यह दोनों आरोपी जबरन वसूली में शामिल थे। इससे पहले शुक्रवार को पुलिस ने विष्णुपुर जिले के निंगथौखोंग वार्ड नंबर 13 से भी एक शख्स को गिरफ्तार किया था। इसका संबंध कांगलीपक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी-तैबंगानबा) से बताया जा रहा है। इसके बाद शुक्रवार को ही इंफाल पश्चिम जिले के सलाम ममंग लाइकाई इलाके से भी केसीपी (एमएफएल) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। यह दोनों आरोपी भी जबरन वसूली के मामले में शामिल थे। वहीं, इंफाल पूर्व के क्याम्गेई से प्रोपक (पीआरओ) संगठन का एक सदस्य भी गिरफ्तार किया गया है।

# अमेरिका दौरे पर राहुल गांधी



**नई दिल्ली।**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को अमेरिका के बोस्टन लोगान इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। अपनी अमेरिका की यात्रा के दौरान राहुल गांधी रोड आईलैंड में ब्राउन यूनिवर्सिटी में छात्रों से बातचीत करेंगे। इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी एनआरआई समुदाय के सदस्यों, पदाधिकारियों और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (कडउ) के सदस्यों से भी मुलाकात कर सकते हैं। राहुल गांधी की अमेरिकी की यात्रा को लेकर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी थी। उन्होंने लिखा, रपूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी 21 और 22 अप्रैल को संयुक्त राज्य अमेरिका के रोड आईलैंड में ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे। वहां वह एक भाषण देंगे और संकाय सदस्यों और छात्रों से बातचीत भी करेंगे। बता दें, हाल के दिनों में राहुल गांधी की अमेरिका की ये दूसरी यात्रा है। 2024 के सितंबर के महीने में राहुल गांधी तीन दिवसीय अमेरिकी यात्रा पर गए थे। अपनी यात्रा के दौरान वे डलास गए थे, जहां उन्होंने टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों से बातचीत की थी और भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित भी किया था। डलास के बाद कांग्रेस सांसद फिर वाशिंगटन डीसी गए थे, जहां उन्होंने जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों से बातचीत की थी।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने जीपीएस से लैस 1,111 टैंकरों को हरी झंडी दिखाई



**नई दिल्ली।**

आयोजित समारोह के दौरान गुप्ता ने कहा, यह पूर्ण पारदर्शिता की दिशा में उठाया गया कदम है। यह अंतिम समाधान नहीं है, हम प्रत्येक निवासी को नल से जल उपलब्ध कराने के लिए एक नयी नगर योजना पर काम करेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गर्मियों के दौरान शहर में जलापूर्ति बढ़ाने के लिए रविवार को लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम से लैस 1,111 टैंकरों को हरी झंडी दिखाई। इस प्रणाली के जरिये दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय से आईटी डैशबोर्ड पर टैंकरों पर नजर रखी जा सकेगी। दिल्ली में भाजपा सरकार के 60 दिन पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान गुप्ता ने कहा, यह पूर्ण पारदर्शिता की दिशा में उठाया गया कदम है। यह अंतिम समाधान नहीं है, हम प्रत्येक निवासी को नल से जल उपलब्ध कराने के लिए एक नयी नगर योजना पर काम करेंगे। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री प्रवेश वर्मा, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा सांसद और विधायक भी उपस्थित थे। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने बजट में जल क्षेत्र के लिए 9,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा, हमने सीवर ओवरफ्लो से निपटने के लिए पूरे शहर में 50 सुपर सकर मशीन तैनात की हैं।

पिछली सरकार ने केवल दो ऐसी मशीनें खरीदी थीं। शहर की सरकार मलजल शोधन संयंत्रों और जल शोधन संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने पर भी काम कर रही है। वर्मा ने कहा, यह सुशासन और पारदर्शिता का एक मॉडल है। इनमें से कुछ टैंकर पुराने हैं लेकिन इन सभी में जीपीएस लगा हुआ है।

## संपादक की कलम से

# शिक्षा का विस्थापन


ललित शर्मा
संपादक

आखिर क्यों कोचिंग सेंटर की क्लास में स्कूली शिक्षा ही नहीं, पूरी पाठशाला पहुंच गई। अब शिक्षा की काबिलीयत में डमी एडमिशन का फामूर्ला ईजाद हो गया है। यानी दस्तखत पर चढ़ी सियाही ही फरेबी निकली, हमने तो पूरी जिंदगी लगा के मजमून लिखा था। शिकायतें अब कहीं जाकर स्कूल बोर्ड के कानों में गूंजी, तो मालूम हुआ कि चंडीगढ़ में क्यों हिमाचली छात्र भागे-भागे घूम रहे हैं। शिक्षा की औकात बदलने की जद्दोजहद अगर स्कूल की नीयत में नहीं, तो कम से कम जो बच्चे करियर की तलाश में आगे बढ ?ा चाहते हैं, उनके ऊपर नकेल क्यों। एक अनुमान के अनुसार चंडीगढ़ की कोचिंग में दस हजार से ऊपर हिमाचली बच्चे अपना मुस्तकबिल छान रहे हैं। इनमें से अस्सी फीसदी भी अगर स्कूली छात्र हैं, तो डमी एडमिशन के इस खेल में चांदी ही चांदी है। शिक्षा में चांदनी की तलाश के पहिये अगर प्रदेश के बाहर घूम रहे हैं, तो शिक्षा बोर्ड बचाएगा किसे। क्या इससे स्कूल बच जाएंगे या निजी क्षेत्र की जमीन पर शिक्षा का व्यापार नहीं होगा। शिक्षा में घुसे व्यापार को सामाजिक अनुमति का ही प्रमाण मिला है कि चंडीगड़-हिमाचल के बीच इसकी दोहरी प्रणाली ने प्रदेश से शिक्षा का विस्थापन लिख दिया। मसला है भी यह कि क्यों धीरे-धीरे सरक कर हिमाचली शिक्षा ने उसूल बदल लिए, मां-बाप ने डमी एडमिशन जैसा पाप कबूल कर लिया। क्या उनके पास और कोई चारा नहीं या शिक्षा का अचार अब आयातित सामग्री से ही बनता है। इससे शिक्षा बोर्ड को अगर कांटा लगा, तो जख्म सुखाने के लिए मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों का उपचार जरूरी है। नहीं होने चाहिएं अवैध धंधे, लेकिन पूछा तो यह भी जाएगा कि वार्षिक परीक्षाओं में विभागीय लियाकत क्यों दर्ज नहीं होती। निजी बनाम सरकारी स्कूलों के बीच आखिर इतनी मिट्टी क्यों पलीद हुई कि शिक्षा के कई शिविर, कई तरीके और कई अफसाने बन गए। अंततः लक्ष्य तो जीवन का है, तो क्या हिमाचली शिक्षा जीवन पढ़ाने या जीवन में आगे बढ़ाने का इंतजाम कर रही है। आज अगर करियर का गुणात्मक पक्ष देखना हो, तो क्या हिमाचल का शिक्षा विभाग या बोर्ड किसी सरकारी स्कूल का पता देगा। हम डमी एडमिशन के खिलाफ अभियान के साथ हैं, लेकिन हिमाचली बच्चों के करियर की तलाश से दूर कैसे हो सकते हैं। अंततः कोचिंग सेंटर अब एक संस्कृति, एक तरीका, एक पायदान और करियर की महत्त्वाकांक्षा का जरिया कैसे बन गए। क्यों पढ़ाई सरकारी स्कूलों में मुकम्मल नहीं हो रही या यह छूट अभिभावकों को कैसे मिल गई कि बच्चों के अंधेरों को मिटाकर अगर रोशनी की तलाश है, तो एक हाथ कोचिंग, दूसरे में डमी एडमिशन का बंदोबस्त जरूरी है। हम इसे अभिभावकों की भेड़चाल करार दें या निजी स्कूलों व कोचिंग केंद्रों की अवैध संलिप्तता मानें, मगर शिक्षा की ऐसी परिणति के लिए सरकारी क्लास रूम की विफलता भी तो माननी पड़ेगी। यह हालत एक दिन में नहीं हुई, बल्कि जब इसकी शुरूआत हुई, तो शिक्षा को चलाने वाले अनभिज्ञ बने रहे। शिक्षा का गुणात्मक पक्ष किसकी वजह से हारा, इस पर भी तो बहस हो। आखिर शिक्षा का अपना मॉडल है क्या। यह क्यों सरकारी और निजी परिसर में अलग-अलग दिखाई दे रहा। जहां तक स्कूल शिक्षा बोर्ड का सवाल है, यह संस्थान परीक्षा बोर्ड ही साबित हुआ है। जाहिर है दसवीं की परीक्षा के बाद बारहवीं में कदम रखते ही जिंदगी में आगे बढे के संकल्प और भविष्य के पन्ने खुल जाते हैं। ऐसे में आगे प्रोफेशनल कालेजों की प्रवेश परीक्षाओं और जमा दो की आम परीक्षाओं के बीच सपनों और हकीकत के बीच एक अंतरंगी संसार का उदय होता है। इन क्षणों का दबाव क्या हिमाचल के शिक्षा विभाग व बोर्ड ने महसूस किया। अगर स्कूल शिक्षा बोर्ड को इस कसौटी पर उत्तीर्ण घोषित होना है।

# मुर्शिदाबाद हिंसा कांड पर कुछ अनुत्तरित सवाल



और ऐसा सोचने की भूल तो कदापि नहीं करनी चाहिए कि इस भयावह पीड़ा और संत्रास वाली निमर्म घटनाओं की चैहद्दी धुलियान कस्बे तक ही सीमित है, बल्कि सच तो यह है कि मुर्शिदाबाद के विभिन्न इलाकों से आने वाली इस पीड़ा और संत्रास की आर्त चीखें दूर-दूर तक किसी भी संवेदनशील व्यक्ति के लिए हृदय विदारक रही हैं। पश्चिम बंगाल के हिंसाग्रस्त मुर्शिदाबाद के धुलियान कस्बे में वैसे तो वक्फ कानून का विरोध 08 अप्रैल से चल रहा था, लेकिन शुक्रवार 11 अप्रैल को जुमे की नमाज के बाद इलाके में माहौल अचानक तब बिगड़ गया, जब लगभग 150 लोगों ने मोहल्ले के निहत्थे और मासूम निवासियों जोरदार हमला कर दिया। जब 51 साल की बेबस और लाचार महिला जानकी मंडल ने फूट-फूट कर रोते हुए अपनी आंखों के सामने घटी घटना का टीवी पर वर्णन किया तो सचमुच बहुत दुःख हुआ। वह बता रही थीं कि बेकाबू भीड़ ने हिंदुओं के घरों और दुकानों में आग लगा दी। पुरुषों को मारा-पीटा और सबकी आंखों के सामने ही उनकी बेटी-बहुओं और माताओं का मान लूटने की कोशिश की। उग्र भीड़ में शामिल आतताइयों ने मोहल्ले वालों को धमकी दी कि भाग जाओ, वरना मारे जाओगे और लाचार मोहल्ले वाले चुपचाप यह सब देखते-सुनते रहे। फिलहाल, अपने ही देश में मालदा के वैष्णव नगर स्थित एक स्कूल में शरणार्थी बनकर रह रहीं जानकी मंडल ने यह भी बताया कि कैसे वह अपनी इज्जत और जान बचाकर बच्चों के साथ वहां से भागी थीं। बता दें कि यह पीड़ा केवल जानकी मंडल की नहीं, बल्कि वैष्णव नगर के स्कूल में शरणार्थी बनकर रह रहे लगभग 04 दर्जन हिंदू परिवारों की भी है, लेकिन ऐसा सोचना मूर्खता होगी कि मुर्शिदाबाद हिंसा कांड के सबसे अधिक पीड़ित और दुखी धुलियान कस्बे के लोग ही हैं। और ऐसा सोचने की भूल तो कदापि नहीं करनी चाहिए कि इस भयावह पीड़ा और संत्रास वाली निमर्म घटनाओं की चैहद्दी धुलियान कस्बे तक ही सीमित है, बल्कि सच तो यह है कि मुर्शिदाबाद के विभिन्न इलाकों से आने वाली इस पीड़ा और संत्रास की आर्त चीखें दूर-दूर तक किसी भी संवेदनशील व्यक्ति के लिए हृदय विदारक रही हैं। जाहिर है कि दुःख-दर्द, निराशा, हताशा, बेबसी, लाचारी और आक्रोश से भरी बिल्कुल धुलियान के लोगों जैसी ही कहानियां कई अन्य इलाकों की भी है। टीवी चैनलों की भीड़ में एक चैनल पर शमशेरगंज इलाके के प्रसेनजीत दास ने भी रोते-कलपते हुए अपनी आपबीती तथा आंखो देखी घटनाएं टीवी पर बताई। गौरतलब है कि मुर्शिदाबाद हिंसा के मृतकों में से दो लोग प्रसेनजीत दास के परिवार से ही थे। मृतकों में एक उनका चचेरा भाई हरगोविंद दास और दूसरा

> *इस पर दो बेहद गंभीर सवाल बनते हैं। पहला, यह कि हम हिंदुओं को प्रताड़ित करने के लिए किस मुह से यूनुस को दोष दें। उनसे कैसे कहें कि बांग्लादेश में हिंदू असुरक्षित और पीड़ित हैं, जबकि सच तो यह है कि हिंदू बंगाल में भी सुरक्षित नहीं हैं। दूसरा सवाल, यह कि राज्य और केंद्र की हमारी सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां क्या कर रही थीं कि तुर्की में बनी और बांग्लादेश के रास्ते मुर्शिदाबाद तक पहुंची योजना को हम विफल नहीं कर पाए। जब हिंसा के दौरान बांग्लादेश से भारत में 71–150 कॉल किए गए, तब हमने उन्हें इंटरसेप्ट क्यों नहीं किया। वास्तव में ये कुछ सवाल हैं, जिनके उत्तर मिलना अभी शेष हैं। जरा सोचिए, कि कहां तो हम बांग्लादेश के हिंदुओं की चिंता करते नहीं अघाते थे, लेकिन हम तो अपने ही घर बंगाल के हिंदुओं की रक्षा कर पाने में असमर्थ साबित होने लगे हैं। और तो और, अब जांच एजेंसियां बता रही हैं कि मुर्शिदाबाद हिंसा की योजना तुर्की में बनाया गया था, जिसे बांग्लादेश के रास्ते बंगाल तक पहुंचाया गया। यह भी, कि इसके लिए बाकायदा 02 महीने पहले ही ट्रेनिंग दी गई थी, जिसमें पुलिस से बचकर दंगा भड़काने और स्थानीय मदरसों से मदद लेने की भी बातें शामिल हैं।*

भतीजा चंदन था। प्रसेनजीत ने जैसा टीवी पर बताया उसके अनुसार 10 अप्रैल की रात में लगभग 400 लोगों की भीड़ तलवार और छुरियां लहराते हुए मोहल्ले में घुसी। भीड़ में शामिल आततायियों ने 25 से 30 घरों, होटलों, दुकानों आदि में तोड़-फोड़ की और उन्हें आग के हवाले कर दिया। आंखों में भय भरकर प्रसेनजीत ने बताया कि भीड़ बहुत उग्र थी, इसलिए हमलोग उनसे भीड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाए और जो कुछ वे करते रहे हमलोग चुपचाप देखते रहे। उक्त घटना के संबंध में एक अन्य बेहद खौफजदां व्यक्ति ने बताया कि भीड़ की उग्रता और आतंक इतना था कि कोई कुछ भी करने में असमर्थ महसूस कर रहा था। इसलिए सभी अपनी-अपनी जान बचाकर भागने में ही लगे रहे। जाहिर है कि ये सभी आपबीती तथा आंखो देखी पीड़ा-व्यथाएं बिल्कुल सच्ची हैं। इनके अलावा, एक और सच, जिसे अब पूरी दुनिया जान और समझ चुकी है, वह यह कि इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद भी बंगाल सरकार की मुखिया ममता बनर्जी की ह्यममताह्न अब तक नहीं जाग पाई है। जरा सोचिए, कि बंगाल के मुर्शिदाबाद के सुती, धुलियान, शमशेरगंज और जंगीपुर इलाकों में हुई हिंसा में कम-से-कम 03 लोगों की जान चली गई, 15 पुलिसकर्मी घायल हुए और सैकड़ों लोग बेघर हो गए। हालांकि, इस मामले में अब तक 300 से भी ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं, कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश के बाद हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय सुरक्षा बलों के 1600 जवान भी तैनात किए जा चुके हैं। हिंसा प्रभावित शमशेरगंज के एक निवासी हबीबउर रहमान ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि बीएसएफ और सीआरपीएफ की तैनाती के बाद इलाके में माहौल शांत है। वैसे, खबरें यह भी आ रही हैं कि प्रशासन ने लोगों से दुकानें खोलने और अनुशासन बनाए रखने की बात कही है। वहीं, पीड़ित हिंदू परिवारों ने बीएसएफ की स्थायी तैनाती की मांग की है। उनके भीतर उस उग्र भीड़ का ऐसा खौफ समाया है कि उन्हें लगता है कि यदि बीएसएफ हटी तो फिर से स्थितियां खराब हो सकती हैं। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा प्रतीत होता है कि ममता बनर्जी मृतकों और घायलों से मिलने उनके आंसू पोंछने के बजाए लगभग एक वर्ष के बाद होने वाले बंगाल चुनाव की गोटियां बिछाने में लगी हैं। जाहिर है कि यदि ऐसा नहीं होता तो वह कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम पहुंचकर इमामों से मिलने के बजाए मुर्शिदाबाद हिंसा कांड के पीड़ित-प्रताड़ित, खौफजदां, बेबस और लाचार भुक्तभोगी परिवारों से मिलने, उनको मदद पहुंचाने और उनका दुःख-दर्द बांटने जातीं। यदि यह भी मान लें कि उनकी कोई राजनीतिक मजबूरी रही होगी, तो कम-से-कम पीड़ितों को सांत्वना देने और ढाढ़स बंधाने के लिए वह अपना एक प्रतिनिधि ही भेज देतीं, लेकिन अब तक उन्होंने ऐसा भी नहीं किया है। हां, मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा उन्होंने अवश्य की है। बहरहाल, उक्त घटना के गर्भ से कुछ बेहद गंभीर सवाल उठे हैं, जो सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों को कठघरे में खड़े करने की ताकत रखते हैं। जरा सोचिए, कि कहां तो हम बांग्लादेश के हिंदुओं की चिंता करते नहीं अघाते थे, लेकिन हम तो अपने ही घर बंगाल के हिंदुओं की रक्षा कर पाने में असमर्थ साबित होने लगे हैं। और तो और, अब जांच एजेंसियां बता रही हैं कि मुर्शिदाबाद हिंसा की योजना तुर्की में बनाया गया था, जिसे बांग्लादेश के रास्ते बंगाल तक पहुंचाया गया। यह भी, कि इसके लिए बाकायदा 02 महीने पहले ही ट्रेनिंग दी गई थी, जिसमें पुलिस से बचकर दंगा भड़काने और स्थानीय मदरसों से मदद लेने की भी बातें शामिल हैं।

## उदय किशोर साह



## सबसे सुन्दर अपना आवाम

कविता

ईष्या द्वेष की कर दो जग से विदाई
जन जन को इसने है यहाँ . रुलाई
सुख समृद्धि का लिख भेज दो पैगाम
अमन शांति का है अपना हिन्द आवाम


गुण्डागर्दी की कर दो समाज से विदाई
नहीं चाहिये भाई भाई के बीच खाई
राष्ट्रभक्ति का लिख भेज दो पैगाम
वसुधैव कुटुम्बकम अपना हिन्द आवाम

गन्दी राजनीति की कर दो देश से विदाई
हिन्दू सिख मुस्लिम ईसाई है भाई भाई
सुख शांति का लिख भेज दो पैगाम
सबसे सुन्दर है अपना हिन्द का आवाम

तुष्टीकरण की कर दो राजनीति से विदाई
जग में हो रही है देश की बहुत ही हँसाई
गद्दारों को लिख भेज दो यह पैगाम
ऋषि मुनियों का अपना है हिन्द आवाम

वैमनस्यता की कर दो जग से विदाई
भाईचारे की ना हो कहीं सेंध लगाई
जयचन्द को लिख भेज दो यह पैगाम
सारे जहाँ से अच्छा है अपना हिन्द आवाम

# प्रवर्तन निदेशालय की जाँच में पता चलेगा , क्या डॉ.सुब्रमणयम स्वामी की शिकायत सही थी ?


अशोक भाटिया

नेशनल हेराल्ड से जुड़े बहुचर्चित एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कुल सात आरोपियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की चार्जशीट दाखिल कर दी है। बात 2013 की है, सुब्रमण्यम स्वामी की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ था । इसके बाद 26 जून 2014 में कोर्ट ने इसका संज्ञान लिया। आरोपियों ने दिल्ली हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में इसे चुनौती दी लेकिन ट्रायल को नहीं रुका। आरोप है कि 2010 में एक आपराधिक साजिश के तहत एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति को हड़पने की योजना बनाई गई थी। नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा व अन्य की मुश्किलें बढ़ रही हैं।

इसकी वजह ये है कि ईडी ने इस मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। इसमें सात आरोपी हैं, जिसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडिया, डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड और सुनील भंडारी का नाम है। आरोपियों ने दिल्ली हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन ट्रायल को नहीं रोका गया। चार्जशीट में गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि वर्ष 2010 में एक आपराधिक साज़िश के तहत अखछ की लगभग 2000 करोड़ रुपये की संपत्तियों को अवैध रूप से हड़पने की योजना बनाई गई। बताया गया है कि अखछ के 99% शेयर महज 50 लाख रुपये में 'यंग इंडियन' नाम की निजी कंपनी को ट्रांसफर कर दिए गए थे । ज्ञात हो की जैसे ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की और कांग्रेस पार्टी विरोध करने के लिए देश भर में सड़कों पर उतर आई।देखा जाय तो पिछले 10 सालों में ईडी ने देश के कई बड़े नेताओं को जेल भेजा है, ईडी के नोटिस से कई दिग्गजों के पसीने छूट गए हैं ।कांग्रेस का कहना है कि ईडी की टीम जांच करने आई थी, लेकिन ईडी ने हमारी पार्टी के शीर्ष नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की। यह कांग्रेस कार्यकताओं को स्वीकार्य नहीं है। ऐसा कहा जाता है कि कानून के सामने सभी समान हैं, लेकिन कांग्रेस के लोगों को लगता है कि गांधी परिवार कानून से बड़ा है। अगर सोनिया और राहुल दृढ़ हैं कि वे निर्दोष हैं, तो हमने कोई वित्तीय अनियमितता नहीं की है, अगर सोनिया और राहुल दृढ़ हैं कि उन्होंने 2,000 करोड़ रुपये की नेशनल हेराल्ड संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश नहीं की है। तो वे अदालत में जाने से क्या डरते हैं? सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। अगर ईडी द्वारा दर्ज मामले में उनके खिलाफ आरोप साबित नहीं होते हैं, तो उन्हें बरी कर दिया जाएगा और कांग्रेस के लोगों को अपनी विजय जुलूस निकालने का मौका मिलेगा, लेकिन कांग्रेस देश भर में सड़क जाम क्यों कर रही है क्योंकि चार्जशीट अदालत में दायर की गई है?

## ओ मेरे कान्हा

ओ मेरे कान्हा
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।
तेरे चेहरे पर बारी जाऊं,
तेरी मुस्कान पर न्यारी जाऊं ,
तेरी बांसुरी की धुन मुझे मधहोश करें,
तेरी बातों की गुन मुझे खामोश करें,
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।
तू न दिखे तो मैं आकाश निहारुं,
सब कुछ तुझ पर ही बारुं,
तेरी आवाज न सुनू तो तड़प जाऊं,
देख तुझे मैं सारा जग पाऊं,
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।


नीलम सिंह
(स्वरचित कृति, सर्वाधिकार सुरक्षित)

# डरावनी फिल्मों का रहस्य


विवेक रंजन श्रीवास्तव

हारर फिल्मों में डर का उत्पादन एक फैक्ट्री की तरह होता है-एकदम फॉमूर्ला बेस्ड डर, जैसे स्कूल में पीरियड के लिए घंटी बजते ही सारे बच्चे अनुशासन में आ जाते थे, वैसे ही इन फिल्मों में डराने के लिए पत्तों की ₹सरसराहट₹ और बिजली की कड़कड़ होती है। निर्देशक की सोच किसी भूतिया हवेली में जाती है, वहां कैमरा पहुंचते ही पत्ते सरसराने लगते हैं । दरवाजा चूं चरर चूं की आवाज करता है और प्रकाश मद्धिम होता है, मकड़ी के जाले, धूल बोनस में मिलते हैं, पर एक चौकीदार हवेली में जाने किसकी तीमारदारी के लिए सुलभ मिलता है। भूत का भय भूत से बड़ा होता है। डर ही पैदा करना है , तो सीधे भूत को सामने लाइए, ये पेड़ों में लटकाकर भूत को सजा देने की क्या तुक है? और बारिश, हर भूतिया कहानी में बारिश होती ही है? क्या भूतों का मौसम विभाग से कोई अनुबंध है? जहां डर की आवश्यकता हो, वहां तुरंत ₹घनघोर घटा₹ , आंधी आ जाती है। बिजली गायब हो जाती है और आती है, व्हाया आसमान , लरजती चमकती कड़कती है, जैसे किसी पुराने बिजली विभाग के कर्मचारी ने आसमान में एक्स्ट्रा ओवरटाइम लगाया हो। हारर फिल्में एक खास ध्वनि प्रभाव पर जीती हैं। साउंड इंजीनियर के ट्रेक फिक्स हैं, दरवाजा के पल्ले खोलते ही वह चरमराता है, बैकग्राउंड में पायल के घुंघरू छनकाते सफेद वस्त्रावृत महिला दूर जाती दिखती है ।इतने पर भी जब समझदार दर्शकों के रोंगटे खड़े नहीं होते तो किसी चमगादड़ को अचानक उड़ाना पड़ता है। साउंड इफेक्ट दर्शक में डर भरने का काम करता है। इस मुकाम के आते आते फिल्म समीक्षक दस में से कितने स्टार देने हैं , तय कर चुकते हैं ।

हर हारर फिल्म में एक कहानी श्लोक की तरह दोहराई जाती है। ह्लपचास साल पहले इस हवेली में एक साध्वी की निर्मम हत्या हुई थी... तबसे उसकी आत्मा यहां भटक रही है ह्व मतलब पचास साल हो गए, और आत्मा अभी भी निकलने वाला मूड नहीं बना पाई ! इतने सालों में उसे कोई आत्मा विकास केंद्र न मिल पाया। ये फिल्मी आत्माएं भी पुरानी हवेलियों में ही क्यों भटकती हैं? रेलवे स्टेशन, नए नए खुल रहे एयर कंडीशन मॉल या बिजली विभाग के दफ्तर में क्यों नहीं दिखतीं? शायद वहां डराने से पहले ही उन्हें टिकट या बिजली बिल भरना पड़ता हो।

पुरानी एवरेडी वाली टार्च की रोशनी में जब बुजुर्ग चौकीदार खड़खडाहट की तरफ रोशनी डालता है तो काली बिल्ली नजर आती है ।

भूत भी इतने सभ्य होते हैं कि हमेशा रात का ही इंतजार करते हैं। दिन में अगर कोई डरावना सीन हो जाए तो सेंसर बोर्ड शायद उस भूत की नागरिकता रद्द कर दे। और जब भूत आता है, तो कैमरा जूम इन करता है—तीन बार, तीन एंगल से—मानो भूत की कोई इंस्टाग्राम रील बन रही हो ! कुछ फिल्मों में तो भूत खुद को इतना स्टाइलिश दिखाते हैं कि लगने लगता है जैसे वो कोई ब्यूटी पार्लर से निकलकर सीधे शूट पर आए हों। बाल लहराते हुए, भूरी आंखों में काजल, और चाल में स्लो मोशन-भूत कम, फैशन शो के प्रतिभागी अधिक लगते हैं। नायक या नायिका अकेले किसी कोठरी में जाता है, और वहां दीवार पर खून से लिखा होता है—ह्लभाग जा !ह्व लेकिन वो उल्टा पूछता है, ह्लकौन है?ह्व अरे, लिखा है भाग जा, तो भाग! पर हॉरर फिल्म का राइटर पंगा लेता ही है। ओझा या तांत्रिक की एंट्री होती है, मनोरंजन डबल , इस बीच एक गाना सैट हो जाता है। बाबा लोग हमेशा काले कपड़े में आते हैं ।

अग्नि प्रज्ज्वलित की जाती है। आत्मा भी मानो स्क्रिप्ट पढ़कर आई हो, बड़बोले बिना समझे मंत्रों के साथ अग्नि में विलीन होकर मुक्त हो जाती है। दर्शक के सिर से बोझ उतर जाता है, और पास से रुपए ।समय के साथ कुछ फिल्मों ने थोड़ा मॉडर्न टच दिया है। अब भूत व्हाट्सऐप पर भी दिखने लगे हैं। कोई कोई भूत चैट पर ह्लकें ६ड्रूँल्लॅ ८ङ्क४ह्व जैसा मैसेज भेजता है। भूत भी डिजिटल हो गए हैं, अब डराने के लिए टिकटॉक ट्रेंड नहीं, इंस्टा फिल्टर यूज करते हैं। बहरहाल डर वह भाव है जो बिकता है, बस कोई हॉरर फिल्म बना सके तो।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# रामलीला मैदान मे बने दर्जनों पक्के मकानों पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर पुलिस छावनी में तब्दील

**वेलकम इंडिया**



**बांसी/सिद्धार्थनगर।** नगर पालिका बांसी के मंगल बाजार रामलीला मैदान पर दो दर्जन घरों को ध्वस्त करने के लिए रविवार को एक साथ 07 बुलडोजरों ने पहुंचकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी और देखते ही देखते बड़े-बड़े इमारतों व दुकानों को जमीदोज करने का काम शुरू कर दिया। इससे पूरे वार्ड में कोहराम मच गया। दूसरी ओर मकानों और दुकानों के मालिक लाचार बनकर प्रशासन द्वारा कार्रवाई देखते रहें।

हालांकि कुछ महिलाओं ने क्षेत्रीय भाजपा विधायक से मकानों को बचाने की अन्तिम कोशिश की, मगर वह भी नाकामयाब ही रहा। आपको बता दें कि रविवार लगभग 12 बजे 07 बुलडोजर बांसी के रामलीला मैदान पहुंच गये। इस समय वहां भारी पुलिस बल तैनात थी। इसके अलावा एसडीएम शशांक शेखर राय, सीओ मयंक द्विवेदी सहित अनेक राजस्वकर्मी व अधिकारी मौजूद थे। देखते ही देखते सारे बुलडोजर वर्षों से बने अनेक इमारतों व दुकानों को ध्वस्त करने में लग गये। ध्वस्तीकरण के प्रति प्रशासन का कड़ा रुख देख कर अधिकांश मकान पहले ही खाली किये जा चुके थे, लेकिन मकान खाली नही थे। पुलिस किसी भी स्थिति से निपटने के लिए चाक चौबन्द थी और मकानों के मालिक लाचार इधर से उधर दौड़ रहे थे। इसी बीच कुछ लोगों ने बांसी के विधायक और भाजपा नेता जयप्रताप सिंह से भी फरियाद किया, परन्तु उन सबका अन्तिम प्रयास भी बेकार गया और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रही। सायंकाल तक कार्रवाई जारी थी। वहीं प्रशासन के सूत्रों के अनुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कल भी जारी रहेगी। नगर पालिका बांसी के मंगल बाजार में रहने वाले मनोज जायसवाल, प्रदीप कुमार, दिलीप व मोनू जायसवाल ने बताया कि उनके बाहर का हिस्सा तो अतिक्रमण की जद में आ सकता है, लेकिन उनका मकान चार पीढ़ी पुराना है। वहीं कुछ लोगों का कहना है उनके पास वर्ष 1946 की रसीद है। रईस अहमद, मो0 गुफरान, इमरान, सीमा देवी के अलावा और लोगों ने पुनः पैमाइश सीमा से कराने की मांग की है। लेकिन एसडीएम शशांक राय का कहना है कि कई बार भूमि की पैमाइश हो चुकी है। मुकदमा भी डीएम के यहां से खत्म हो चुका है। अब इसमें कुछ नहीं किया जा सकता है। फिलहाल ध्वस्तीकरण जोर-शोर से जारी है। आपको बता दें कि रामलीला मैदान की बेशकीमती जमीन पर दो दर्जन से अधिक लोगों ने स्थायी अतिक्रमण कर रखा था। प्रशासन इसे खाली कराने के लिए एक वर्ष से विधिक कार्रवाई कर रहा था। एक माह पूर्व डीएम के न्यायालय में सुनवाई के दौरान अतिक्रमणकारी कोई साक्ष्य नहीं दे सके और फैसला उनके खिलाफ गया। इसके विपरीत कब्जाधारकों का कहना है कि उन्होंने साक्ष्य दिया, परन्तु प्रशासन देखने को तैयार नहीं है। इसके बाद नगर पालिका प्रशासन ने लोगों के घरों पर नोटिस चस्पा कर दिया तथा लाल निशान से मकानों व दुकानों को चिह्नित किया। साथ ही एक पखवारे के अन्दर अतिक्रमण खुद हटाने की चेतावनी भी दी। आखिर आज वह दिन आ ही गया और अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। वहीं नगर पालिका बांसी के मंगल बाजार में चलाये जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान का सपा के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने जमकर विरोध किया। जिस पर पुलिस ने पूर्व विधायक लालजी यादव व विजय पासवान साहित कई नेताओं को गिरफ्तार और दो को हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। परन्तु पुलिस ने अधिकृत रूप से अभी पुष्टि नहीं की है।

# बकरी पालन मे पशु सखियों को तकनीकी प्रशिक्षण से सशक्त बनाना




**वेलकम इंडिया**

**उसका बाजार/सिद्धार्थनगर।** इंडो ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी, उस्का बाजार, सिद्धार्थनगर द्वारा एलआईसी एचएफएल हृदय परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बकरी आधारित आजीविका को सशक्त बनाने के लिए दो दिवसीय पशु सखी तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण गौतम कमर्शियल गोट ट्रेनिंग सेंटर के विशेषज्ञ श्री एस.सी.एल. गौतम और श्री डी.के. गौतम द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में बकरी पालन के लाभ, नस्ल की पहचान, वैज्ञानिक ढंग से बाड़ा बनाना, संतुलित आहार योजना, प्रजनन और बीमारी से बचाव, टीकाकरण, डिवॉर्मिंग, डिपिंग और बकरी लोन की जानकारी जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पशु सखियों को तकनीकी जानकारी देकर उन्हें अपने समुदाय के पशुपालकों की बेहतर सहायता के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम में उस्का बाजार के ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित पशु सखियों की भूमिका ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने में बेहद अहम है।

## घर के कमरें में फांसी के फंदे से लटकती मिली विवाहिता की लाश

**वेलकम इंडिया**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र शोहरतगढ़.के ग्राम पंचायत सेमरा में शनिवार की रात एक घर में एक विवाहिता युवती की फांसी के फंदे से लटकते हुई लाश मिली, जिससे में दहशत का माहौल है। आपको बता दें कि मृतक युवती का नाम 25 बर्षीय संगीता है। घर में मृतक संगीता के साथ पति धर्मेन्द्र कुमार पासवान, ससुर रामदत्त और सास गुजराती के अलावा मृतक संगीता का एक साल का लड़का आयान रहता था। घर में कोई विवाद नहीं था, पति शोहरतगढ कस्बे में दिहाड़ी मजदूरी करता था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार के शाम को पति-पत्नी में किसी बात को लेकर कहासुनी हुआ था। फिर खाना खाकर घर के लोग सोने चले गये। कुछ ही समय में बिजली चली गई, जिससे घर में अन्धेरा हो गया। कुछ देर बाद जब बिजली आई तो घर के एक कमरें में संगीता का दुपट्टा से छत के कुंडी में लटकता लाश दिखा। जिससे घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना सबसे पहले ससुर रामदत्त द्वारा संगीता के मायके बांसी क्षेत्र के मदरहना गांव में उसके घर दिया गया। जिस पर मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए पुलिस कप्तान को फोन किया, फिर शोहरतगढ़. थाना की पुलिस रात 12 बजे के करीब घटना स्थल सेमरा गांव पहुंचकर मृतक संगीता के पति धर्मेन्द्र पासवान को हिरासत में ले लिया और सुबह पुलिस द्वारा लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा दिया गया।

# पश्चिम बंगाल में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में एनसीपी अजित पवार पार्टी ने दिल्ली में किया भारी विरोध

**वेलकम इंडिया**



**नई दिल्ली:** राष्ट्रवादि युवा कॉंग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, रास्ट्रीय प्रवक्ता डॉ विमल शर्मा जी,राष्ट्रीय सचिव व दिल्ली प्रदेश के प्रभारी श्री युवराज सिंह जी की अध्यक्षता मे और हर्ष माधवी कार्यकारी अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, और राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी लीगल सेल अनिल वर्मा जी, दिल्ली सचिव कुमार विशाल जी , स सचिव दिल्ली दीपक जी, अमित गोयल जी, सुभाष चन्द्र गुप्ता जी, शिवम्‌जी और अन्य साथियो की उपस्तिथि मे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कुशासन और बिगड़ती कानून-व्यवस्था के विरोध में राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा राज्य में फैलाए जा रहे अराजक माहौल, हिंसा, भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था की लगातार गिरती स्थिति के विरोध में एक जोरदार प्रदर्शन का आयोजन किया गया । राज्य में आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। रोजाना हिंसा, राजनीतिक हत्या, महिलाओं पर अत्याचार और अपराधों में वृद्धि यह सिद्ध करती है कि राज्य सरकार पूरी तरह से विफल हो चुकी है। ममता बनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति और प्रशासनिक लापरवाही ने पूरे राज्य को अराजकता की ओर धकेल दिया है। हम राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता ममता बनर्जी के इस तानाशाही और विफल शासन के खिलाफ आवाज बुलंद किया और मांग करी कि वे मुख्यमंत्री पद से तत्काल इस्तीफा दें।

## डॉक्टर जावेद फारूकी और रोहिणी एडिशनल डीसीपी विष्णु कुमार निजामुद्दीन दरगाह पहुंचे



**वेलकम इंडिया**

**नई दिल्ली:** मालवीय नगर के प्रसिद्ध समाज सेवक डॉक्टर जावेद फारूकी दिसंबर से बीमार चल रहे थे लगातार 3 महीने हॉस्पिटल में भर्ती रहे। अब उनके स्वस्थ में धीरे धीरे सुधार होने लगा। रविवार को जावेद फारूकी के लिए हजरत निजामुद्दीन दरगाह में दुआ रखा गया था जहां उनके करीबी दोस्त रोहिणी जिला के एडिशनल डीसीपी कढर विष्णु कुमार 2010 बैच के कअर अधिकारी अवितेक श्रीवास्तव भी दरगाह पहुंचे। वही दरगाह हेड सैयद काशिफ निजामी सभी को पगड़ी बांध कर सम्मान किया गया।

# अधिकारियों द्वारा उपकरणों के संचालन हेतु मॉक ड्रिल करायी गयी



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार जनपदीय पुलिस द्वारा सभी थाने-चौकियों में दंगा नियंत्रण उपकरणों व अन्य शस्त्रों की साफ- सफाई का अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सभी थाना/चौकियों पर नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा दंगा नियंत्रण उपकरणों व अन्य शस्त्रों की साफ-सफाई की गयी। सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा उपकरणों के संचालन हेतु मॉक ड्रिल करायी गयी तथा उनके रखरखाव हेतु सभी पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## खेत को पट्टे पर लेने के विवाद में पति-पत्नी के साथ मारपीट, मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**सहपऊ।** क्षेत्र के गाँव नगला नरी में दबंग लोगों ने पति-पत्नी के साथ मारपीट कर दी। जिसमें दोनों पति पत्नी घायल अवस्था में लहुलुहान हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिला एटा थाना माहरहरा के गाँव करूमई निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि सिकंद्राराऊ क्षेत्र के गांव नगला मसंद निवासी श्री कृष्ण से एक साल के लिए पट्टे पर खेत लिया था जो नगला नरी थाना हसायन की सीमा में आता है। दिनांक 18 अप्रैल को घायल व्यक्ति धर्मेंद्र अपनी गेहूँ की फसल कटर द्वारा निकलवा रहा था। इसी बीच गाँव नगला नरी के राजू, रेवती राम व संजू, तुरसनपाल ये व्यक्ति खेत पर लाठी डण्डे लेकर गाली गलौज करते हुए पहुँचे। घायल व्यक्ति ने इस बात का विरोध किया तो कहने लगे कि तूने इस खेत को पट्टे पर क्यो लिया था, इस खेत को पट्टे पर में लेता। घायल व्यक्ति धर्मेन्द्र ने कहा कि मेने रूपए देकर खेत लिया है इसी बात को लेकर राजू व संजू व तुरसनपाल मारपीट करने लगे वचाने आई घायल व्यक्ति धर्मेन्द्र सिह की पत्नी नीरज के साथ भी बेरहमी के साथ मारपीट कर दी। दोनों के सिर पर खुली चोटें आई है। दोनों घायल लोगों का मेडीक ल परीक्षण भी कराया गया है। हालांकि पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है। और मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान फरार बदमाश गिरफ्तार,साथी पैर में गोली लगने पर हुआ घायल

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/सिम्भावली पुलिस की चेकिंग के दौरान मध्य गंग नहर बक्सर रेगुलेटर और बढढा नहर पुल के बीच गौकश बदमाशों से हुई मुठभेड़ में एक बदमाश क्रॉस फायरिंग में पैर में गोली लगने पर घायल अवस्था में किया गिरफ्तार। वहीं दूसरा साथी मौके का फायदा उठाकर हुआ फरार। घायल बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर मय जिंदा व खोखा कारतूस, एक मोटर साइकिल एवं गौकशी करने के उपकरण बरामद हुए। प्रारम्भिक पूछताछ में घायल/गिरफ्तार बदमाश ने अपना नाम शौमीन उर्फ मुन्नू पुत्र यामीन निवासी ग्राम वैट थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ बताते हुए अपने फरार साथी का नाम आमिर पुत्र छोटे निवासी दौताई थाना गढ़मुक्तेश्वर बताया है। गिरफ्तार बदमाश शौमीन उर्फ मुन्नू शातिर किस्म का गौकश अपराधी है।, जिसके विरुद्ध जनपद हापुड़ में गौकशी, लूट, हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट सहित लगभग 20 अभियोग पंजीकृत है।

# शिक्षा-संस्कार पर जोर दें यादव

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** समाज की अहिरानी अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा की सदस्य बनकर समाज के विकास में महती भूमिका निभाएं। बच्चों में शिक्षा-संस्कार देने का जो शंखनाद मथुरा से हुआ है उसका संदेश पूरे देश में जाना चाहिए। छोटे बच्चों ने सामूहिक गीता पाठ कर योगक्षेम का संदेश दिया है। मनोरम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया है। ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए।

यह उद्गार बाल महासम्मेलन, प्रतिभा सम्मान एवं गीता श्लोक वाचन कार्यक्रम में बाढ़ पुरा मथुरा में अशोक यादव प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने व्यक्त किए। उन्होंने समूचे उत्तर प्रदेश के जनपदों में समाज के बच्चों को संस्कार, काउंसलिंग और कोचिंग जैसी जरूरतों पर जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे 108 बच्चों द्वारा श्रीमद् भागवत गीता पाठ से हुआ। तदोपरांत बच्चों ने लगातार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव और उनकी पत्नी अंकिता यादव ने भी बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साह वर्धन किया।

एस एस यादव- राजवाला पूर्व प्राचार्य केआर कालेज ने उच्च शिक्षा क्षेत्र के बच्चों का सम्मान किया। भूपेंद्र यादव आईएएस, केपी सिंह-उषा, प्रीति-दीपक, रश्मि -राजकुमार, भीष्म- रेनू, रेखा-सुरेन्द्र, आरती -राजेश, बीना-राजेन्द्र,सतीश-पवन यादव की ओर से बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। बृहद कार्यक्रम का महिलाओं ने बारी- बारी से संचालन किया। कार्यक्रम में समाज के सभी लोगों ने सहयोग किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रहलाद यादव ने किया।

# शोभायात्रा का कई जगहों पर किया गया भव्य स्वागत, झांकियां बनी आकषर्क का केंद्र

**वेलकम इंडिया**



**शिकारपुर/बुलंदशहर/** रविवार डॉ बी आर अंबेडकर कमेटी शिकारपुर द्वारा नगर में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ भीमराव अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल (अंबेडकर नगर) से वरिष्ठ नागरिकों द्वारा शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात बैंड बाजा और झांकियां से शोभायात्रा शिकारपुर नगर के मुख्य बाजार में होती हुई खुर्जा अड्डा डॉक्टर अंबेडकर पार्क से होती हुई खुर्जा अड्डा अंबेडकर पार्क शिकारपुर पर समापन हुआ। इस मौके पर शोभा यात्रा का जगह-जगह सम्मानित लोगों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। तथा नगर पालिका प्रशासन द्वारा साफ सफाई की व्यवस्था ठीक रही तथा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने पूर्ण सहयोग दिया। शोभायात्रा के समापन पर क्षेत्र के समस्त बुद्धिजीवी लोगों ने तथागत बुद्ध एवं बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा कमेटी ने सुंदर झांकियां को बाबा साहब का चित्र देकर सम्मानित किया तथा बाहर से आई हुई झांकियां की क्षेत्र के लोगों ने बहुत ही सराहनीय की। इस मौके पर समिति अध्यक्ष रामबाबू सिंह ने अवगत कराया की शोभायात्रा बहुत ही अच्छी रही तथा शांतिपूर्वक रही तथा शोभायात्रा में भारतीय जनता पार्टी ,बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी, बहुजन विकास मंच ,तथा अन्य संगठनों का विशेष सहयोग रहा उनके द्वारा क्षेत्र के सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

# लखनऊ उत्तर क्षेत्र के प्रबुद्ध जन संवाद में बोले: रक्षा मंत्री

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** भारत के रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सरकार ने करिश्माई काम किया है। दुनिया में धारणा थी कि भारत गरीबों का देश है। अब यह धारणा बदली है। भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंची है और वित्तीय संस्थानों का दावा है कि अगले दो साल में भारत दुनिया कि टॉप थ्री अर्थव्यवस्था बनेगा। रविवार को महर्षि विश्वविद्यालय के सभागार में लखनऊ उत्तर मण्डल चार के प्रबुद्ध जनों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि 11 साल पहले भारत में केवल दो फैक्ट्रियां मोबाइल बनाती थीं आज 270 निर्माण इकाईयां काम कर रही हैं। डिजीटल लेनदेन में भारत दुनिया में पहले स्थान पर है। रक्षा मामलों में स्थिति यह थी कि छोटे छोटे कल पुर्जे भी बाहर से मंगाने पड़ते थे और छः सौ करोड़ का सामान निर्यात होता था तो कहा जाता था कि बड़ निर्यात हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम 24 हजार करोड़ का आयुध निर्यात कर रहे हैं और वर्ष 2029 तक यह पचास हजार करोड़ तक पहुंचायेंगे। जनसंवाद के खुले मंच पर पीओके को भारत में मिलाने की मांग उठी। कहा गया कि मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान बनाने की मांग लखनऊ से ही उठाई थी और आज वह समय आ गया है कि पीओके को भारत में मिलाया जाय। रक्षामंत्री ने कहा कि पीओके के लोग खुद बोलेंगे कि हमें भारत में मिलाया जाय और मुझे विश्वास है कि वह दिन जल्द आयेगा। उन्होंने कहा कि आज भारत की सैन्य ताकत बढ़ी है। लखनऊ में बना ब्रम्होस मिसाइल न केवल भारत में अपितु दुनिया भर में निर्यात होगा, जिसका उद्घाटन मैं 11 मई को करने जा रहा हूं। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं इस सच्चाई को स्वीकार करता हूं कि जितना संभव होना चाहिए है वह नहीं हो पाया है। आपने तीसरी बार मुझे सांसद चुना और 11 वर्षों से लगातार गृह मंत्री और रक्षा मंत्री के दायित्व निभा रहा हूं। देश के साथ साथ विदेश भी रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सारी व्यस्तताओं के बावजूद लखनऊ के लिए जो भी कर पाया हूँ वह आप सबकी शुभकामनाओं से हुआ है और उसका पूरा श्रेय आपको जाता है। संवाद कार्यक्रम में केशव नगर में सड़क निर्माण की मांग पर रक्षामंत्री ने विधायक डा. नीरज बोरा को सड़क बनवाने का निर्देश दिया। क्षेत्र में एक राजकीय डिग्री कालेज की मांग भी उठी। विधायक डा. नीरज बोरा की प्रशंसा करते हुए सिंह ने कहा कि वे जब भी उनसे मिलते हैं तो क्षेत्र की समस्या लेकर ही मिलते हैं। मैं इन्हें देखकर समझ जाता हूं कि समस्या आ रही है। उनका समाधान भी होता है।

जनसंवाद कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए विधायक डा. नीरज बोरा ने कहा कि उत्तर मण्डल चार में आने वाले फैजुल्लागंज के चार वार्डों में अधिकांश क्षेत्र कच्चा था। आज लगभग सत्तर प्रतिशत सड़कें पक्की हो गयी हैं। बांस बल्ली हटाकर पक्के खम्भे और एबीसी वायर लगे हैं। दाऊदनगर में बिजली घर बना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुला। पचास बेड का हास्पिटल निमार्णाधीन है। नौ किमी लम्बा पक्का गहरा नाला बन रहा है। हार्डिंग ब्रिज के बगल में नया पुल, फैजुल्लागंज को पुराना लखनऊ से जोड़ने वाले पाण्टून सेतु के स्थान पर पक्का पुल बनाने का काम शुरू हो रहा है। ग्रीन कारीडोर बन रहा है। दाऊदनगर में कल्याण मण्डप बन रहा है। जानकीपुरम के सेक्टर एफ मे सिनीयर सिटीजन डे केयर तथा जानकीपुरम विस्तार में बड़ा पुस्तकालय बन रहा है। इंजीनियरिंग कालेज पर ओवर ब्रिज, सहारा स्टेट हेतु अण्डरपास का प्रावधान हम लोगों के लिए बड़ी सौगात है।

# भारतीय जनता पार्टी की एक बहुत ही महत्वपूर्ण बैठक प्रीत विहार स्थित जिला कार्यालय पर संपन्न हुइ

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़ जनपद हापुड़ में बैठक को संबोधित करते हुए पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने बताया कि आगामी 23 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी पश्चिम क्षेत्र का एक सम्मेलन गढ़ रोड स्थित दयाल रीजेंसी में होने जा रहा है इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है जो वकफ बिल पर भ्रांतियां फैल रही है उनको दूर करना लोगों को समझना कि वकफ बिल भारत के लिए क्यों आवश्यक है इस सम्मेलन में पश्चिम क्षेत्र के वर्तमान पूर्व सांसद गण विधायक गण या व प्रत्याशी जिन्होंने चुनाव लड़ा है वह सभी प्रतिभागी करेंगे सभी मोर्चे के अध्यक्ष व महामंत्री पश्चिम क्षेत्र के तथा अल्पसंख्यक मोर्चा भी महत्वपूर्ण भूमिका में रहने वाला है जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण बैठक है और जिन-जिन कार्यकताओं को जो दायित्व सोपा गया है वह उसका निर्वहन करेंगे आने वाले किसी भी अतिथि को किसी प्रकार की कोई भी असुविधा का सामना न करना पड़े इसका हम सब प्रयास करेंगे इस अवसर पर जिला महामंत्री पुनीत गोयल राजीव सिरोही मोहन सिंह जिला उपाध्यक्ष श्यामंद्र त्यागी राज सुंदर तेवतिया नीलम सिंह युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक भाटी अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष सुमित पर्चा अनिरुद्ध सिंह अशोक बबली कुणाल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# गढ़मुक्तेश्वर इंदिरा नगर के लोग मकान नहीं करेंगे खाली

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/***हापुड़/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के इंदिरा नगर में नोटिफाइड एरिया प्रशासन द्वारा 1986 में खसरा संख्या 1596 पर 42 लोगों को 100-100 वर्ग गज के आवासीय पट्टे आवंटित किए गए थे। जिसमें सभी लोग अपने-अपने आवास बनाकर रह रहे हैं। इन्हीं आवासीय पत्तों पर 20 मकान का निर्माण प्रधानमंत्री योजना के तहत किया जा चुका है।

इन सभी पत्ताधर का को नगर पालिका के द्वारा तालाब की अवैध भूमि पर कब्जा बताते हुए मकान खाली करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। जिसको लेकर 20 अप्रैल को हापुड़ कांग्रेस जन गढ़मुक्तेश्वर के इंदिरा नगर कॉलोनी में पहुंचे। जहां लोगों को नगर पालिका परिषद द्वारा पीएम आवास खाली कराने के संबंध में नोटिस जारी किए गए थे। कांग्रेस जनों ने पीड़ित परिवार के लोगों से बातचीत की और उन्हें आश्वासन दिलाया कि 1986 में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के कार्यकाल में पीएम आवास योजना के तहत गरीब और दलित लोगों को यह मकान उपलब्ध कराए गए थे। जिन्हें खाली कराने का काम भाजपा सरकार कर रही है। पूर्व सांसद दानिश अली ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा 4 अप्रैल को इंदिरा नगर कॉलोनी के हर परिवार को यहां मकान खाली करने के नोटिस जारी किए गए थे। जो कि पूर्णतय गरीब और दलित परिवारों के साथ उनके अधिकारों का हनन करना है। पूर्व सांसद दानिश अली ने वहां पहुंचकर अधिकारियों से फोन पर बात की तो अधिकारियों ने उन्हें बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा जो लोगों को नोटिस जारी किए गए थे। वह रोक दिए गए हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी और पूर्व सांसद दानिश अली ने डीएम हापुड़ प्रेरणा शर्मा और एसडीएम गढ़ को विनम्रता पूर्वक कहा कि इंदिरा नगर कॉलोनी के लोगों को जिस तरह से लिखित में मकान खाली करने के नोटिस जारी किए गए थे। ठीक उसी तरह से लिखित में यहां के लोगों को ६३ँ१ं६ के नोटिस जारी किए जाए।पूर्व सांसद दानिश अली और जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी ने चेतावनी दी है कि अगर इसके बावजूद भी यहां के लोगों को परेशान किया गया। या उनसे उनका आशियाना छीना गया। तो पार्टी का हर कार्य कर्ता यहां गरीब और दलित परिवारों की लड़ाई को जी जान से लड़ेगा। अगर भाजपा सरकार का बुलडोजर यहां कॉलोनी के किसी भी परिवार के आवास पर चलता है। इस दौरान पूर्व प्रदेश सचिव डॉक्टर शोएब, पूर्व प्रत्याशी गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका विजेंद्र सिंह बंटी, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अब्दुल कादिर. युवा प्रदेश महासचिव ललित कुमार, अब्दुल, खालिद, डा. नाजिम, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर जकरिया मनसबी, विक्की शर्मा, नरेश भाटी, गौरव गर्ग, पिंटू शर्मा, भरतलाल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे.!

# दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विषैला पदार्थ पिलाने का आरोप

**वेलकम इंडिया**




**कांधला।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने के कारण ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को मारपीट कर विषैला पदार्थ देकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया विवाहिता ने अपनी चिकित्सा करने के बाद पति सहित चार लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है

थाना क्षेत्र के गांव गढी दौलत निवासी आशा पत्नी सागर ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया उसकी शादी 4 वर्ष पूर्व सागर से हुई थी पिछले कुछ दिनों से ससुराल पक्ष के लोग उससे अतिरिक्त दहेज मे 50 हजार रुपये लाने की मांग कर रहे थे शादी के समय मायके पक्ष के लोगों ने अपनी जरूरत के हिसाब से दान दहेज दिया था लेकिन ससुराल पक्ष के लोग इससे खुश नही थे जिसके कारण उसे अब आए दिन शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा था इसी कारण वश पति सागर, सास रेशमा देवर सोनू ननद पारुल ने एक राय होकर शनिवार शाम उसके साथ मारपीट की व अनाज में रखने वाली दवाई को घोलकर जबरदस्ती पिला दिया जिसके कारण उसकी हालत बिगड़ गई चिल्लाने की आवाज पर लोगो के जमा हो जाने के बाद यह लोग मुझे मरनासन छोड़कर घर से निकल गए पडोसी लोगो ने विवाहिता को भर्ती कराया अब हालत मे कुछ सुधार आने के बाद महिला ने पति सहित चारों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर कार्रवाई में जुटी है।

# मेरठ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत मेरठ शहर में रविवार को हापुड़ रोड स्थित स्टेट बैंक कॉलोनी के श्रीराम मंदिर परिसर में समस्या सुनवाई चौपाल का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

> सड़क, सीवर, जल निकासी, साफ–सफाई, स्ट्रीट लाइट और बिजली आपूर्ति से जुड़ी कई समस्याओं को सुना एवं अधिकारियों को फोन कर समस्याओं को समाधान करने के निर्देश दिए।

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार । मेरठ** शहर विधानसभा की अधिक्तर समस्या थाने व नगर निगम से सम्बन्धित रहीं। पीने के पानी व गंदे जल के निकासी को लेकर जनता में रोष था। इस दौरान सड़क, सीवर, जल निकासी, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट और बिजली आपूर्ति से जुड़ी कई समस्याओं को सुना एवं अधिकारियों को फोन कर समस्याओं को समाधान करने के निर्देश दिए।

सरधना व मवाना तहसील के ग्राम वासियों ने मा0 पंडित सुनील भराला निवर्तमान राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को अपनी समस्याएं बताईं जिसका पंडित सुनील भराला निवर्तमान राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने सम्बन्धित अधिकारियों को फोन पर निर्देश देकर समस्याओं के समाधान होने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़कली गांव के जयवीर प्रधान, रामबाग कॉलोनी के भावेश कौशिक, कैलाशपुरी से संजय शर्मा, शास्त्री नगर से अमित मांगलिक, नेहरू नगर से सतेन्द्र लोधी, कैलाशपुरी से अनुराग शर्मा, हनुमान पुरी से प्रशांत गोयल, पल्लवपुरम से संतोष पंडित, वार्ड नंबर 72 से पूर्व पार्षद तहसीन अंसारी, प्रहलाद नगर से भावेश मेहता आदि लोगों उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण कर अवैध निर्माण करने का आरोप

**कांधला।** नगर में सरकारी सडकों पर अवैध निर्माण धडल्ले से जारी है। सम्बन्धित अधिकारियों के मामला संज्ञान में होने के बाद भी सभी अधिकारी मामले में चुप्पी साधे हुए है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी बदरूजमां, विजयपाल, रजाउल्ला, रविन्द्र कुमार, सऊद खान, बबलू खान, सतबीर, गौरव, अंकित, अमित कुमार, विरेन्द्र कुमार ने थाने में तहरीर देते हुए बताया उनके गांव में जाने के लिए गांव में जाने के लिए मौहल्ला खैल में 52 फुट का रास्ता है। जिससे प्रतिदिन गांव इस्लामपुर घसौली व चढाव के लोग कस्बे में व्यापार व अपनी दैनिक जरूरतों के कार्यों के लिए आते है। गांव में आने जाने के लिए यह एक मात्र रास्ता है। वर्तमान में उक्त रास्ते पर इशरार कुरैशी के द्वारा अवैध निर्माण कर मार्ग पर अतिक्रमण करते हुए दो दुकानों का निर्माण कर रहा है। उक्त दुकानों का निर्माण सडक पर किया जा रहा है। जिससे मार्ग अवरूद्ध हो जाने पर वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होगी तथा आने वाले समय में विवाद की स्थिति बन सकती है।

# धौलाना पुलिस ने अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे। युवक को चैकिंग के दौरा तमंचे सहित किया गिरफ्तार




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र मेरठ के निदेर्शानुसार हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे। ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत धौलाना पुलिस ने अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे। इकराम पुत्र सलीम निवासी मौहल्ला बृहमदरवाजा थाना बीबीनगर जनपद बुलन्दशहर, हाल पता-मौ॰ गढी थाना पिलखुवा जनपद हापुड को देहरा झाल निधावली नहर पटरी के पास से अवैध असलहे सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। वही अभियुक्त पर हापुड़, बुलंदशहर, मेरठ जनपदों में आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमे पंजीकृत हैं। उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में धौलाना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कंकरखेड़ा के महाकालेश्वर मंदिर में चोरी, दान पेटी क्षतिग्रस्त



**वेलकम इंडिया**

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार । मेरठ** कंकरखेड़ा स्थित सैनिक विहार डी पॉकेट के महाकालेश्वर मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने बीती रात मंदिर का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। नुकीले हथियारों से दान पेटी को क्षतिग्रस्त कर उसमें रखी नकदी चुरा ली गई। पुजारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चोरों की पहचान के लिए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने चोरों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की हैं। स्थानीय लोगों ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने मंदिर परिसर में 24 घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जनजागरूकता कार्यक्रम में एएसपी ने महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं की सुरक्षा को लेकर दी कानूनी जानकारी

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**




**मुरसान।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति फेज-4 अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार द्वारा यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के साथ थाना मुरसान क्षेत्रांतर्गत ग्राम दर्शना पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिला एवं बालिकाओं व आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बताया गया कि नाबालिग उम्र में बालिकायें लव अफेयर, पलायन, लिव इन रिलेशनशिप जैसे मामलों में फँस जाती हैं और किन्ही कारणों से उनको समझौता करना पड़ता है कई बार बालिकायें अपनी सहमति से भी बिना सोचे समझे चली जाती है। साथ ही साथ बदनामी के भय से किसी से शेयर नहीं करती हैं, जिसके कारण वह ऐसी स्थिति से निकलने में अपने आपको अक्षम महसूस करती हैं। परिवार में आपसी संवादहीनता और अभिभावकों से डर के कारण बालिकाएं अपनी बात कह नहीं पाती है । इसके अतिरिक्त टेक्नोलॉजी के दुरूपयोग के चलते महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति साइबर बुलिंग के मामले भी सामने आ रहे है।

# चिकित्सा विज्ञान का वरदान बन रहा अभिशाप



विजय गर्ग

बीसवीं सदी में प्लेग, हैजा, तपेदिक, डिप्थीरिया और निमोनिया जैसे असंख्य रोगों के आगे लाचार मानव जाति को एंटीबायोटिक्स ने नई आशा दी। यह विज्ञान का वह वरदान था, जिसने जीवन प्रत्याशा को बढ़ाया, नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को घटाया और सर्जरी को सुरक्षित बनाया। परंतु आज, जब हम एंटीबायोटिक प्रतिरोध की वैश्विक महामारी के मुहाने पर खड़े हैं, तो हमें यह सोचने को विवश होना पड़ रहा है कि कहीं यह वरदान हमारे अपने ही हाथों एक अभिशाप में तो नहीं बदल गया है।

हाल ही में मर्डोक चिल्ड्रन रिसर्च इंस्टीट्यूट और क्लिंटन हेल्थ एक्सेस इनिशिएटिव द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन में यह चौंकाने वाला राजफाश सामने आया है कि वर्ष 2022 में 30 लाख से अधिक बच्चों की मृत्यु ऐसे संक्रमणों के कारण हुई जो अब एंटीबायोटिक्स के प्रति प्रतिरोधी हो चुके हैं। यह आंकड़ा केवल मृत्यु का नहीं, बल्कि हमारी वैज्ञानिक मानसिकता के पतन का भी संकेत है। रोगाणुरोधी प्रतिरोध का यह संकट दशार्ता है कि हमने विज्ञान को केवल त्वरित समाधान के रूप में अपनाया, न कि उसके दीर्घकालिक संदर्भों को समझा। एएमआर तब पैदा होता है जब सूक्ष्मजीव जैसे बैक्टीरिया, वायरस, और फफूंद इस तरह से विकसित हो जाते हैं कि दवाएं उन पर असर नहीं करतीं। इसका प्रमुख कारण एंटीबायोटिक्स का अत्यधिक और अनुचित प्रयोग है - बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवाइयां लेना, अधूरा इलाज छोड़ देना या मामूली लक्षणों पर भी इन दवाओं का उपयोग करना। कोविड महामारी ने इस प्रवृत्ति को और गहरा कर दिया। डर और अनिश्चितता के माहौल में एंटीबायोटिक्स का अंधाधुंध उपयोग हुआ, विशेषकर अस्पतालों में, जहां इन दवाओं को वायरस के संक्रमण पर भी दिया जाने लगा, जबकि वे वायरल बीमारियों पर असर नहीं करतीं। इसका सबसे भयानक प्रभाव बच्चों पर पड़ा है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां स्वास्थ्य सुविधाएं पहले से ही कमजोर हैं। अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया में बच्चों की मृत्यु दर में असामान्य वृद्धि देखी गई है।

# बी.एस.ए. कॉलेज में एम.एस.सी. फिजिक्स के छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

वेलकम इंडिया



मथुरा, बी.एस.ए. (पोस्ट ग्रेजुएट) कॉलेज, मथुरा में शनिवार को एम.एस.सी. भौतिकी विज्ञान के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ. खुशवंत सिंह, तथा प्रोफेसरगण डॉ. शिवराज भारद्वाज, डॉ. रवीश शर्मा और डॉ. रुद्राक्ष तिवारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने समस्त प्रोफेसरगण को दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर भावपूर्ण सम्मान अर्पित किया।

विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें गीत, वादन एवं नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन में मनोरंजन का रंग भर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा मिस्टर एवं मिस फेयरवेल प्रतियोगिता, जिसमें प्रतिभागियों से सामान्य ज्ञान आधारित प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता में बालकृष्ण को मिस्टर फेयरवेल एवं गायत्री तरकर को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह विदाई नहीं, एक नई उड़ान का आरंभ है। आप सभी जहां भी जाएं, अपने ज्ञान, संस्कार व प्रतिभा से महाविद्यालय का नाम रोशन करें। विभागाध्यक्ष डॉ. खुशवंत सिंह ने कहा कि भौतिकी केवल एक विषय नहीं, सोचने की एक दिशा है। मैं आशा करता हूँ कि आप सब अपने शोध, तकनीकी दक्षता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएँगे। डॉ. शिवराज भारद्वाज ने अपने भावुक शब्दों में कहा कि कक्षा में बिताया गया हर क्षण अब एक याद बन चुका है। मेरी शुभकामनाएँ हैं कि आप सब अपने जीवन में ऊँचाइयों को स्पर्श करें और भौतिकी को एक नए दृष्टिकोण से संसार के सामने रखें। डॉ. रवीश शर्मा ने कहा कि सच्ची शिक्षा वही है जो आपको आत्मनिर्भर बनाए। आपकी मेहनत और अनुशासन ही भविष्य में आपके सबसे बड़े साथी होंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसरगण डॉ के वाई सिंह, डॉ बीके गोस्वामी ,डॉ यूके त्रिपाठी, डॉ हिम्मत सिंह, डॉ पंकज कुशवाहा एवं डॉ काश देव शर्मा उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन खरीदारी में बड़ा झोलः जेप्टो से मंगाई मूंगफली में निकले कीड़े, एफएसडीए में की गई शिकायत

वेलकम इंडिया/चरन सिंह






**बरेली।** मेरा हक फाउंडेशन की अध्यक्ष फरहत नकवी को ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफॉर्म जेप्टो से मंगाई गई कच्ची मूंगफली के पैकेट में कीड़े और फफूंद मिली। इस घटना से नाराज होकर उन्होंने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) और उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराई है। फरहत नकवी ने बताया है कि उन्होंने करीब एक महीने पहले मुंबई की एक कंपनी से ऑनलाइन मूंगफली का पैकेट मंगवाया था, जिसकी पैकेजिंग तिथि 3 फरवरी 2025 और एक्सपायरी तिथि 3 जून 2025 दर्ज है। शनिवार सुबह जब उन्होंने पैकेट खोला, तो मूंगफली के दानों में फफूंद जमी हुई थी और उनमें कीड़े भी पाए गए। उन्होंने तुरंत संबंधित कंपनी और जेप्टो से संपर्क किया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद फरहत ने उपभोक्ता फोरम और एफएसडीए को इस मामले की जानकारी दी। एफएसडीए के सहायक आयुक्त (खाद्य द्वितीय) अपूर्व श्रीवास्तव ने सोमवार तक जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। विभाग की ओर से सैंपलिंग की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। फरहत नकवी ने इस घटना के बाद आम उपभोक्ताओं को भी चेतावनी दी है कि ऑनलाइन खरीदारी करते समय बेहद सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर मिलने वाले खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता अक्सर खराब निकलती है और कई बार कंपनियां बाजार दर से कई गुना अधिक दामों पर प्रोडक्ट बेच रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि कोई भी खाद्य वस्तु ऑनलाइन मंगवाने से पहले उसकी मैन्युफैक्चरिंग, एक्सपायरी डेट, रेट और रिव्यू की जांच जरूर करें। साथ ही, यदि उत्पाद में किसी भी तरह की खराबी हो, तो उसकी शिकायत उपभोक्ता फोरम या खाद्य सुरक्षा विभाग में अवश्य करें।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में 'ऑक्लूजन-2025 का भव्य शुभारंभ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ रोड स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में रविवार को बहुप्रतीक्षित चार दिवसीय सांस्कृतिक, खेलकूद एवं वैज्ञानिक महोत्सव 'ऑक्लूजन-2025 का भव्य शुभारंभ जबरदस्त उत्साह और जोश के साथ हुआ। इस आयोजन ने शिक्षा, संस्कृति और खेल के समन्वय से एक ऊर्जावान और प्रेरणादायक माहौल का निर्माण किया। देशभर के 45 डेंटल कॉलेजों से आए 3500 से अधिक बीडीएस और एमडीएस छात्र-छात्राओं ने इसमें हिस्सा लिया। छात्रों ने न केवल साइंटिफिक पेपर और पोस्टर प्रेजेंटेशन जैसे शैक्षणिक कार्यक्रमों में भाग लिया, बल्कि विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खेल-कूद प्रतियोगिताओं में भी अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ऑन-स्टेज कार्यक्रमों में सोलो सिंगिंग, डांस, डुएट सिंगिंग, माइम, इंस्ट्रूमेंटल, कवि सम्मेलन, ग्रुप सिंगिंग, अंताक्षरी और क्विज जैसे कार्यक्रम शामिल रहे। वहीं ऑफ-स्टेज कार्यक्रमों में फेस पेंटिंग, पब्जी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, रंगोली, मास्टर शेफ, फोटोग्राफी और नुक्कड़ नाटक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फैशन शो और ग्रुप डांस ने आयोजन को ग्लैमर और जोश से भर दिया, जहां विभिन्न डेंटल कॉलेजों की टीमों ने मंच पर आत्मविश्वास और रचनात्मकता का अद्भुत संगम दिखाया। मुख्य अतिथि मिस सेजल ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। खेलकूद में क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज, खो-खो, स्क्वैश, कैरम, आर्म कुश्ती, पूल, पुश-अप, स्प्रिंट रनिंग, शॉटपुट, रस्साकशी, वॉलीबॉल, थ्रो बॉल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। आईटीएस के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ये खेल गतिविधियां छात्रों के शारीरिक और मानसिक कौशल का बेहतरीन मंच बनकर उभरीं।

दिन का मुख्य आकर्षण रहा गाला डीजे नाइट, जिसमें छात्रों ने हिट पार्टी मिक्स और थिरकते संगीत पर जमकर डांस किया। परिसर में युवाओं की मस्ती और जोश का नया रंग देखने को मिला।

# दुर्घटना में घायल हुईं महापौर पूछा हालचाल रक्षा मंत्रीः राजनाथ सिंह

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** पारा में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान शनिवार को घायल हुईं लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल से देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने मुलाकात की। उन्होंने महापौर के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।


ज्ञात हो कि 19 अप्रैल को पारा क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान महापौर का पैर मुड़ गया था, जिससे उनके बाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया। इस खबर के सामने आने के बाद न सिर्फ नगर निगम प्रशासन बल्कि आम नागरिकों और पार्टी कार्यकताओं में चिंता का माहौल था।

रविवार को राजनाथ सिंह उनके कैंप कार्यालय पर पहुंचे और उनका हालचाल लिया। उन्होंने कहा कि सुषमा एक मेहनती और सक्रिय जनप्रतिनिधि हैं। नगर की सेवा में उनका योगदान सराहनीय है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह जल्द स्वस्थ होकर पुनः अपने कार्य में जुटे।

रक्षा मंत्री के साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र सिंह प्रधान, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, विधायक योगेश शुक्ला और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भी मौजूद रहे। सभी वरिष्ठ नेताओं ने महापौर से भेंट कर उनका हालचाल जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सभी ने महापौर के शीघ्र स्वस्थ होकर पुनः नगर सेवा में लौटने की प्रार्थना की है।

# चचाओं के बीच : फिल्म निमार्ता सुरेंद्र श्रीवास्तव

वेलकम इंडिया




**नई दिल्ली।** 'जुमार्ना', 'सूरज', 'कहानी किस्मत की', 'आज का रावण' जैसी सफल फिल्मों के निमार्ता सुरेंद्र श्रीवास्तव इन दिनों अपनी पुस्तक 'संगम से सागर तक', 'साउंड कैमरा एक्शन' और 'आउट डोर शूटिंग : खट्टे मीठे अनुभव' को ले कर काफी चर्चा में हैं। भारत सरकार द्वारा प्रगति मैदान दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेला (2025) में उनकी उपरोक्त सभी पुस्तकों को अच्छा रेस्पॉन्स मिला। सुरेंद्र श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक 'संगम से सागर तक' में अपनी जीवन यात्रा को चित्रित करते हुए संदेश देने का प्रयास किया है कि सेवा, समर्पण और सदभाव सफलता के मूल मंत्र हैं। साथ ही साथ लगन में सच्चाई हो तो सफलता सदैव कदम चूमती है। प्रयागराज (इलाहाबाद) से मुंबई तक के अपने सफर को बड़े ही हृदयस्पर्शी भाव के साथ कागज पे उतारा है सुरेंद्र श्रीवास्तव ने। 'साउंड कैमरा एक्शन' में सुरेंद्र श्रीवास्तव ने बतौर फिल्म प्रचारक और फिल्म प्रबंधन का कार्य करते हुए जो देखा सुना और समझा व अनुभव हासिल किया उसे फिल्म विधा में रुचि रखने वालों के लिए बड़े ही सरल शब्दों में चित्रित किया है। यह पुस्तक फिल्मप्रेमियों को फिल्म निर्माण से संबंधित प्रत्येक विभाग की छोटी से बड़ी बातों को जानने और समझने का अवसर प्रदान करेगा, दूसरे शब्दों में उनकी पुस्तक 'साउंड कैमरा एक्शन' को फिल्म निर्माण कला का संपूर्ण गाइड कहा जा सकता है। तीसरी पुस्तक 'आउट डोर शूटिंग : खट्टे मीठे अनुभव' में सुरेंद्र श्रीवास्तव ने दबे स्वर में बॉलीवुड के काला सच को भी महसूस करने का अवसर पाठकों को प्रदान किया है।

# बूथ पर पार्टी की पहुंच की कवायद को लेकर कांग्रेसजनों ने की बैठक

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** रविवार को सेमरियावा में ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बूथ स्तर पर कमेटी के गठन को लेकर बैठक कर रणनीति बनाई गयी।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष हाजी मुहम्मद नजीर ने कहा कि विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए बूथ स्तर पर कमेटी का गठन किया जायेगा। सभी बूथों पर हम पार्टी को मजबूत किया जायेगा। इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करने की जरुरत है।

उन्होंने कहा कि जननायक राहुल गाँधी लगातार जनहित के मुद्दे पर आवाज बुलंद कर रहे हैं। उन्हें मजबूत करने के लिए हम सबको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। इस अवसर पर मौलाना सेराज अहमद, रियाज अहमद, अतीक सिद्दीकी, बदरूद्दोजा, मुहम्मद परवेज अख्तर, जमील अहमद, मुहम्मद कलीम, मुहम्मद अकरम नजीर, मिठाई लाल, मोहम्मद हफीज, जलालुद्दीन, देवानंद, महेन्द्र कुमार, मुहम्मद अदनान, तौफीक अहमद आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सांसियों का तला में परिण्डा वितरण कार्यक्रम आज

वेलकम इंडिया



बाड़मेर 20 अप्रैल 2025। भीषण गर्मी को देखते हुए पंछियो की जल सेवा को लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से थार नगरी, बाड़मेर में परिण्डा अभियान के माध्यम से लगातार मिट्टी के परिण्डे लगाएं जा रहे है। जिस कड़ी में सोमवार को प्रातः 10 बजे सांसियों का तला में संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में परिण्डा वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में हर घर परिण्डा लगाने को लेकर 200 परिण्डे वितरित किये जायेंगे। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि संस्थान की ओर से जीवदया को लेकर कई कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। जिस कड़ी में पंछियों की सेवा में परिण्डा अभियान के माध्यम से परिण्डे लगाने व वितरित करने का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को सांसियों का तला में संस्थान की ओर से 200 मिट्टी के परिण्डे वितरित किये जायेंगे। इससे सांसियों का तला में घर-घर जीवदया का संदेश जायेगा और वे नियमित रूप से पंछियों की सेवा से जुड़ेंगें।

# लो जी हो गया खेल स्वास्थ्य विभाग का अजब कारनामा सैटिंग के बाद खोल दी अस्पताल की सील




वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** स्वास्थ्य विभाग ने कस्बे में एक शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए जिस अस्पताल को एक पखवाड़े पहले सील किया था उसी गैर पंजीकृत अस्पताल को अब खोल दिया गया है। जानकारों का कहना है कि मोटा माल वसूल कर अस्पताल संचालकों को पुनः अपना गोरखधंधा फिर से चालू करने की इजाजत दे दी गई है।

जिले के स्वास्थ्य विभाग में सैटिंग गैटिंग का खेल धड़ल्ले से जारी है। खास बात यह है कि सैटिंग गैटिंग का खेल किसी माया अखिलेश या कांग्रेस के राज में नहीं खेला जा रहा है ये खुला खेल प्रदेश के कड़क मुखिया योगी आदित्यनाथ के कड़क कार्यकाल में धड़ल्ले से खेला जा रहा है। अस्पताल खुलवाने वाले कहते हैं कि कौन योगी कौन मोदी हमारे सामने इन सब की क्या बिसात।जब हम बंद करा सकते हैं तो खुलवा क्यों नहीं सकते।

आइये नजर डालते हैं औरंगाबाद कस्बे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के सैटिंग गैटिंग खेल पर। पांच अप्रैल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने औरंगाबाद कस्बे के बालका रोड़ स्थित कृष्णा हैल्थ केयर सेंटर अस्पताल पर छापा मारा। यह छापामार कार्रवाई ए सी एम ओ डा हरेंद्र बंसल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार दोहरे को प्राप्त एक शिकायत के आधार पर की । जांच के दौरान पाया गया कि यह अस्पताल बिना किसी पंजीकरण कराये अप्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा चलाया जा रहा है और यहां प्रसव आदि भी किये जा रहे हैं। तमाम अनियमिततायें पाये जाने पर अस्पताल में भर्ती मरीजों को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट कराकर अस्पताल को सील कर दिया गया।

अब शुरू होता है सैटिंग गैटिंग का पूर्व प्रचलित खेल। अस्पताल चलाने वालों ने अधिकारियों से मध्यस्थ के माध्यम से संपर्क किया। अधिकारियों ने सील हटाने की एवज में क्या और कितना वसूला यह वो खुद जाने या फिर देने वाले जाने। और यदि वो भी ना जाने तो राम जाने। ताजा समाचार यह है कि गैर पंजीकृत अस्पताल अब खुल गया है। स्वास्थ्य विभाग की सील नदारत है। अस्पताल संचालकों को पुनः मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने की खुली छूट मिल चुकी है। दूसरी ओर ए। सी एम ओ डा हरेंद्र बंसल ने बताया कि अस्पताल जिस स्थान पर चल रहा था उसके मालिक ने शपथपत्र दाखिल किया है कि उक्त स्थान को अब अस्पताल वालों से खाली करा लिया गया है ।

# बोले सो निहाल-सत श्री अकाल ममता बनर्जी होश में आओ-होश में आओ

वेलकम इंडिया




**प्रयागराज** /पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जारी हिंसा के विरोध मे प्रयागराज की अलोपीबाग सिख संगत ने दुःखव्यक्त करते हुए पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की केंद्र सरकार से मांग की है।

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर सिंह ने कहां कि ममता सरकार हिंदुओं पर अत्याचार कर रही है। ₹हिंदुओं के सम्मान में इंसानियत मैदान में है मुर्शिदाबाद में लगातार वक्फ संशोधन कानून को लेकर हिंसा और आगजनी हो रही है हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है,उन्हें पलायन के लिए मजबूर किया जा रहा है,लेकिन ममता बनर्जी मूकदर्शक बनी हुई हैं।

अलोपीबाग गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह बग्गा ने कहा ₹बोले सो निहाल सत श्री अकाल₹ ₹ममता बनर्जी होश में आओ-होश में आओ₹ मुर्शिदाबाद जल रहा है,लेकिन ममता सरकार आंखें मूंदे बैठी है।हिन्दू जनमानस के ऊपर मुर्शिदाबाद में हिंसक अत्याचार हो रहा है। जिस से हिन्दू परिवारों को पलायन करने को विवश होना पड़ा। इतना होने के बाद भी पश्चिम बंगाल की ममता सरकार दंगाइयों को लगातार संरक्षण दे रही है। पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाकर दंगाइयों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।इस अवसर पर परमजीत सिंह,गुरुदीप सिंह सरना,सरदार पतविंदर सिंह,कुलदीप सिंह बग्गा,बलजीत सिंह,हरजीत सिंह कथुरिया,त्रिलोचन सिंह बग्गा,हरमनजी सिह,कुलदीप सिंह खालसा,लखविंदर सिंह,राजेंद्र सिंह ग्रोवर, जसवीर सिंह,मनजीत सिंह खालसा,सुदर्शन सिंह,प्रेमजीत गुजराल,हरमनजी सिंह,जसवीर कौर, अंजु गुलजार,सरगम कौर, दलजीत कौर सहित बड़ी संख्या मे राष्ट्रभक्ति स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# सर्वसमाज की सेवा करना ही राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ का ध्येय है

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** गोविन्द घेरा स्थित गोविन्द देव पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ की महानगर शाखा के द्वारा प्रमुख समाजसेवी कृष्ण नारायण बृजवासी की स्मृति में वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डा. विजय शर्मा एवं थाईरोडर डिसोर्डर डॉ. पराग शर्मा के मार्गदर्शन में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया गया।जिसके अंतर्गत निःशुल्क रक्त एवं थाई रोडर डिसोर्डर प्रोफाइल की जांच की गयी।

राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ के संस्थापक पंडित चंद्र लाल शर्मा एवं निगम पार्षद डॉ. रूपन वर्मा ने कहा कि कृष्ण नारायण बृजवासी सच्चे सद गृहस्थ एवं वरिष्ठ समाज सेवी थे।उनकी स्मृति में यह चिकित्सा शिविर का आयोजन करना अत्यंत शुभ कार्य है। शिविर का उद्घाटन करते हुए ब्राह्मण महासभा के संस्थापक पंडित सुरेश चंद्र शर्मा एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य राघव भारद्वाज ने कहा कि सर्व समाज की सेवा करना ही राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ का उद्देश्य रहा है। सेवा संघ के महानगर अध्यक्ष गोविंद नारायण शर्मा एवं ब्रजवासी पंडा सभा के अध्यक्ष श्याम सुंदर गौतम ने कहा कि संपूर्ण महानगर में जगह-जगह पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाये जाएंगे।जिसमें निःशुल्क औषधि तथा बहुत ही कम शुल्क में लगभग हर प्रकार की जांच की जाएगी।जिससे सभी नागरिक पर्याप्त लाभ प्राप्त कर सकेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य आनंद बल्लभ गोस्वामी एवं आध्यात्मिक प्रवक्ता आचार्य नरेश नारायण ने कहा कि शीघ्र ही रक्तदान के साथ निःशुल्क जांच शिविर भी आयोजित किया जाएगा।जिसके द्वारा सभी नगर वासियों को रक्तदान के लिए जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर रामनारायण ब्रजवासी, वंशी तिवारी, आचार्य ब्रह्मदेव द्विवेदी, विनीत द्विवेदी, गोपाल नारायण, बृजेश शर्मा आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टिट्यूट ने अंध विद्यालय दो बच्चों को प्रदान की नेत्र ज्योति



वेलकम इंडिया

**वृन्दावन।** मथुरा रोड़ स्थित बीएचआरसी-डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टिट्यूट ने अंध विद्यालय से जांच के लिए आए दो बच्चों का दृष्टि बाल परियोजना के अंतर्गत ऑपरेशन कर उन्हें नेत्र ज्योति प्रदान की है। संस्था के वरिष्ठ प्रशासक सीपी मैसी ने बताया कि कुछ समय पहले जाँच के अस्पताल आए जीवन ज्योति अंध विद्यालय के 3 बच्चों को मोतियाबिन्द और कॉर्निया संबन्धी समस्या से ग्रसित पाया गया था। तत्पश्चात संस्था द्वारा सेवा फाउंडेशन के सहयोग से चलाये जा रही दृष्टि बाल परियोजना के अंतर्गत दो बच्चों का सफल ऑपरेशन किया गया। वरिष्ठ सर्जन डॉ. सूफियान दानिश ने कहा कि डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टिट्यूट पिछले 10 बर्षों से जरूरतमंद लोंगों को सुलभ और बेहतर चिकित्सा सुविधा दे रहा है।परियोजना कोऑर्डिनेटर मनोज चौधरी ने बताया कि वरिष्ठ प्रशासक सीपी मैसी के निर्देशन में चलायी जा रही दृष्टि बाल परियोजना के अंतर्गत अभी तक 1000 से अधिक चश्मे और 50 से अधिक मोतियाबिन्द, भैंगापन के ओपरेशन निःशुल्क किए जा चुके हैं। अंध विद्यालय के व्यवस्थापक विवेक शास्त्री ने अस्पताल प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि संस्था निःस्वार्थ भाव से नेक और सराहनीय कार्य कर रही है।

# थाना प्रभारी ने संभ्रांत लोगों के साथ की बैठक



वेलकम इंडिया

**रामघाट/बुलंदशहर/** रामघाट थाना प्रांगण में नवागत थाना प्रभारी ने सम्भ्रांत लोगों साथ की बैठक एस ओ ने कहा है कि क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति ने सामाजिक स्थान चौराहा के आसपास बैठकर शराब पीकर उत्पाद मचाया तो ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी बिना गाड़ी के कागज के वाहन चलाते हैं पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी अगर कोई व्यक्ति किसी व्यक्ति से पुराने वाहन को खरीदता है तो उस गाड़ी के पूर्ण कागज होने चाहिए विना ड्राइविंग लाइसेंस तथा नाबालिग बच्चों द्वारा कोई भी वाहन चलाते पकड़ा जाता है तो उसके पिता के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनता की शिकायत पर थाना प्रभारी ने ग्राम प्रधानों को जागृत करते हुए बताया कि गांव में मैन रास्तों में पर कोई व्यक्ति पशु भैंस बकरी तथा ईंट ट्रैक्टर हैरो आदि सामग्री रखकर अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी इसकी गांव में मुनादी ग्राम प्रधानों द्वारा कराई जाएगी अगर कोई व्यक्ति नहीं मानता हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ऐसे लोगों की सिफारिश लेकर बिल्कुल नहीं आए।

# गोवर्धन में पत्रकारों के सम्मान में हुआ भव्य अभिनंदन समारोह

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** गोवर्धन तहसील प्रेस क्लब द्वारा दिल्ली सेवा सदन में एक भव्य पत्रकार अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें गोवर्धन तहसील सहित आसपास के क्षेत्रों के पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी किशन सिंह ने दीप प्रज्वलन व राधा-कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रेस क्लब अध्यक्ष पं. श्याम जोशी ने दुपट्टा ओढ़ाकर, माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया।इस मौके पर ब्रज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दशार्ते हुए कलाकारों ने लठमार होली, फूलों की होली और मयूर नृत्य की मोहक प्रस्तुतियां दीं, जो कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहीं।

समारोह में गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव, अड़ींग, मगोर्रा, सहार, छाता, राधाकुंड, जतीपुरा सहित कई क्षेत्रों के वरिष्ठ एवं सक्रिय पत्रकार उपस्थित रहे। सभी पत्रकारों को तहसील प्रेस क्लब की ओर से दुपट्टा, माला एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित गोवर्धन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ पत्रकार मनीष लंबरदार को भी सभी पत्रकार साथियों ने माला, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।इस अवसर पर मनीष लंबरदार ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण हैं और वे हर सुख-दुख में पत्रकारों के साथ खड़े हैं।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकारों में वन बिहारी वैद्य, सौरभ शर्मा, गौरव कौशिक, मनोज शर्मा, प्रमोद कौशिक, दाऊ दयाल शर्मा, अमित गोस्वामी, मुकेश ऋषभ कौशिक, किशोरी शर्मा, नरेश उपाध्याय, रवि वर्मा, मनीष शर्मा, भारत उपाध्यक्ष, राजेश लवानिया, यशवंत पाठक, अजय ठाकुर, कृष्ण मुरारी, मोहित गोस्वामी, तेजपाल सिंह, बृज बिहारी कौशिक, अशोक दुबे, कमल यदुवंशी, वीर नारायण शर्मा, गोपाल कृष्णा दुबे, सत्येंद्र यादव, जितेंद्र कुमार, रेखा शर्मा, सुभाष अग्रवाल, भूपेंद्र सिंह, राजकुमार चौधरी, छैल बिहारी शर्मा, राघव शर्मा, कृष्ण दयाल गोद, अमित श्रुतिया, सुमित श्रुतिया, राजन सिंह, हीरालाल, नितिन गुप्ता, प्रवीण गोस्वामी, सोनू कुंतल, राहुल कुंतल, मुकेश योगी, जितेंद्र पांचाल सहित सैकड़ों पत्रकार उपस्थित रहे।

# एटीएम बदलकर लोगों के रुपये निकालने वाले गिरोह के 03 शातिर सदस्य गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर एटीएम बदलकर लोगों के रुपये निकालने वाले गिरोह के 03 शातिर सदस्यों को एटीएम कार्ड, 60000/- रुपये नकद सहित गिरफ्तार किया गया हैं। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम प्रमोद पुत्र जल सिंह निवासी लोनी गिरी मार्केट थाना लोनी जनपद गाजियाबाद खालिद पुत्र खलील निवासी डाबर तालाब सीसे वाली मस्जिद थाना डीएलएफ अंकुर बिहार जनपद गाजियाबाद पीयूष तनवर पुत्र गोपीचन्द निवासी ए-2573 कल्याणपुरी चौक तीन नम्बर नियर नाला थाना एनआईटी-03 फरीदाबाद (हरियाणा) निवासी है।

# हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष पर जानलेवा हमले के बाद उठी सुरक्षा की मांग

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष सर्वेश सिंह पर जानलेवा हमले के बाद उन्हे विभिन्न संगठनों द्वारा उन्हे सुरक्षा देने की मांग उठने लगी है। आपको बता दें कि गुरुवार देर रात कर्मचारी नगर में उस समय हड़कंप मच गया जब हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष सर्वेश सिंह पर जानलेवा हमले की सूचना निकल कर आने लगी, वह अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह से घर वापस आ रहे थे उसी समय कुछ दबंगों ने उनकी गाड़ी रोककर उनके परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष सर्वेश सिंह ने बताया है कि जैसे ही उनकी कार कृष्णाज रेस्टोरेंट के सामने पहुँची, दो गाड़ियों में सवार 8-10 युवकों ने पहले महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की और फिर विरोध करने पर उनकी कार को घेर लिया।हमलावरों ने पीड़ित की कार के सामने अपनी गाड़ियां खड़ी कर दीं और कार से उन्हे खींचकर परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर हमलावरों में से दो ने उनकी कमर पर तमंचा तान दिया, जबकि अन्य ने उनका गला दबाने की कोशिश की। इस हमले के दौरान उनके सिर और बाएं कान पर कड़े से वार किए गए, जिससे वे बेहोश होकर गिर पड़े। जिसके बाद हमलावर वहां से फरार हो गए, सर्वेश सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें परिजन घर ले गए और फिर मुकुन्द अस्पताल में भर्ती कराया।

# बेटियों की सुरक्षा पर फिर उठे कई सवालः झाड़ियों में मिली 6 माह की मासूम बच्ची, चेहरे पर थे चोट के निशान

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** समाज में जब भी किसी मासूम के साथ बेरहमी या दरिंदगी होने की बारदात सामने आती है, तो वह इंसानियत को तार तार करती हुई दिखाई देती है। ऐसी ही एक घिनौनी घटना बरेली के चौपुला चौराहे के पास से सामने आई है। जिसने एक बार फिर से समाज पर कई सवालिया निशान खड़े कर दिए है। इस घटना में चौपला चौराहे के पास झाड़ियों में एक 6 माह की मासूम बच्ची खून से सनी, रोती-बिलखती मिली है। बच्ची के चेहरे पर कई जगह चोट के गंभीर निशान पाए गए हैं। फिलहाल बच्ची को अस्पताल में भर्ती करा कर इलाज कराया जा रहा है, लेकिन उसकी हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। जो भी इस घटना को सुन रहा है उन लोगों की आंखें नम हैं और दिलों में भारी गुस्सा है। आखिर कोई इतना भी बेरहम कैसे हो सकता है कि एक नन्ही सी जान को इस तरह झाड़ियों में मरने के लिए छोड़ दे ? स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर्स का कहना है कि बच्ची के शरीर पर चोटों के अलावा कुपोषण के भी लक्षण हैं, जिससे साफ है कि उसे लंबे समय से ठीक से खाना भी नहीं दिया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि बच्ची को किसने और क्यों इस हालत में छोड़ा था।

# ईसाइयों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया ईस्टर पर्व

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** ईस्टर का पर्व ईसाई समाज के अनुयायियों के द्वारा हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर सभी गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

सीएमसी पास्टर इंचार्ज रेव्ह श्रीपाल ने कहा कि आज का दिन पुनरुत्थान दिवस ईस्टर संडे है। आज के दिन यीशु मसीह अपने मारे जाने के तीसरे दिन मुर्दों में से जीवित हुए। उन्होंने मृत्यु पर विजय प्राप्त करी। वह प्रेम और सत्य का संदेश बांटने आए थे। पास्टर ने देश में अमन शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना करी। डान सर्विस की व्यवस्था हिमांशु एवं रितेश ने संभाली। राजमसीह एवं रजनी ने विशेष गीत प्रस्तुत किया। जैरेश,प्रिंस ने भजन मंडली के साथ सुंदर गीत संगीत के माध्यम से प्रभु की आराधना स्तुति करी। रेबेका शॉ तथा पीपी चंद ने प्रार्थना में अगुवाई करी। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश महासचिव व सदभावना फाउंडेशन अध्यक्ष मनीष दयाल ने कहा कि यीशु मसीह ने हमारे पापों के लिए अपने प्राण दिए ताकि ईश्वर और मनुष्य के बीच सीधा रिश्ता बन जाए। सेंट्रल मेथॉडिस्ट चर्च मथुरा में ईस्टर तड़के सुबह डान सर्विस में लोगों ने हाथ में मोमबत्ती लेकर यीशु मसीह के जी उठने की खुशी में गीत गाते हुए भजन गाते हुए जुलूस निकाला जिसमें रेजी विलियम ने प्रभु का संदेश सुनाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरूणा, नीलम, अनिल, मौली, माइकल,राकेश मसीह,राहुल, इंदु, हैनसन,रीतेश,सोनिया,शोर, माग्रेट, बीना, रोशन, प्रशांत, आदि ने सहभागिता करी।

# स्वच्छता अभियान योजना के अंतर्गत गांव में किया गया जागरूक




वेलकम इंडिया

**शिकारपुर/**शिकारपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव भटौला में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत गांव के अंदर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन सुचारू रूप से संचालित है और आरआरसी सेंटर पर उसका निस्तारण समय से हो रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को एडीओ पंचायत शेरपाल सिंह ने बताया है कि ग्राम पंचायत भटौला में घर घर जाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया है गांव में गली गली में कूड़ा कलेक्शन ई रिक्शा घूमेगा जिसमें ग्रामीणों को अपने अपने घरों का कूड़ा करकट उसमें डालना है जोकि वह आर आर सी सेंटर तक पहुंचाया जाएगा। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर ग्रामीणों में खुशी की लहर। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी अतीक अहमद ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र कुमार, वीकेश शर्मा एवं कंसलटेंट इंजीनियर प्रांशु चौधरी और पंचायत सहायक रोहित शर्मा ग्राम प्रधान देवमणि उर्फ दीपांशु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग से मारपीट करने के मामले में केस दर्ज

बुलंदशहर खानपुर थाना क्षेत्र के परवाना महमदपुर गांव में एक बुजुर्ग को मारपीट कर घायल करने के मामले में दो लोगो पर केस दर्ज किया है।

क्षेत्राधिकारी प्रखर पांडे से की शिकायत में बुजुर्ग त्रिलोक सरन पाठक पुत्र ब्रज मुरारी सरन पाठक निवासी परवाना मोहम्मदपुर ने बताया कि 16 अप्रैल को समय करीब छह बजे अपने गांव में घूमने के लिए निकला था। इसी दौरान गांव के ही दो व्यक्ति त्रिलोक सरन पाठक के साथ गाली-गलौज करने के साथ उनकी नाली का पानी बुजुर्ग के घर के सामने ही निकलेगा। इस बात का विरोध करने पर दोनों आरोपितों ने बुजुर्ग के साथ लाठी-डंडों के साथ मारपीट कर दी। जिसे देखकर मौहल्ले के लोग मौके पर एकत्रित होने लगे। लोगों को देख बुजुर्ग को जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों आरोपित फरार हो गए। थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अमित पाठक पुत्र देवदत्त व जीवन पुत्र प्रेमदत्त के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

# विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के प्रवीश पाण्डेय जिलाध्यक्ष (विधि प्रकोष्ठ),गौतम कुमार किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ,मोहित श्रीवास्तव (जिला उपाध्यक्ष) बने,सर्टिफिकेट देकर दिलाया गया शपथ

वेलकम इंडिया

**वाराणसी :** विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के वाराणसी कार्यालय मे नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया नवनियुक्त पदाधिकारियों मे प्रवीश पाण्डेय जिलाध्यक्ष (विधि प्रकोष्ठ),गौतम कुमार किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ,मोहित श्रीवास्तव (जिला उपाध्यक्ष),सांतो दास(जिला महासचिव) वाराणसी का लखनऊ इंटर सिटी से वाराणसी मे हुआ आगमन जिलाध्यक्ष वाराणसी राजेश मौर्या और स्वामी कन्हैया महाराज एवं अखिलेश कुमार (जिला उपाध्यक्ष) ने वाराणसी कैंट स्टेशन पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया जोरदार स्वागत अभिनंदन स्टेशन परिसर मे माल्यार्पण करने के उपरांत बुके देकर नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया वहां सैकड़ो कार्यकताओं ने भी पदाधिकारियों को सम्मानित किया और दी बधाई । वाराणसी कैंट स्टेशन से राजेश मौर्या व स्वामी कन्हैया महाराज नवनियुक्त पदाधिकारियों और सैकड़ो कार्यकताओं संग सड़क मार्ग से बरेका कालोनी के समीप स्थित पार्टी जिला कार्यालय पहुंचे सैकड़ो कार्यकताओं और पदाधिकारियों के द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का ढोल नगाड़े बजाकर स्वागत अभिन्दन किया जिसके बाद माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया गया साथ में लाखो कार्यकताओं को विश्व हिंदू रक्षा परिषद में जोड़ने का संकल्प लिया गया राजेश मौर्या और स्वामी कन्हैया महाराज ने बंगाल में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार एवं पलायन के लिए ज़िम्मेदार ममता सरकार को आड़े हातो लेते हुए बंगाल में तुरंत राष्ट्रपति शासन लगाने की भारत सरकार से माँग की । पार्टी कार्यालय मे जिलाध्यक्ष राजेश मौर्या व स्वामी कन्हैया महाराज एवं अखिलेश कुमार के हाथो नवनियुक्त पदाधिकारियों को सर्टिफिकेट देकर शपथ दिलाया गया इस मौके पर जिला उप सचिव राजकुमार, संगठन मंत्री सत्यप्रकाश मौर्या,जिला मंत्री नंदलाल ,पारस पटेल, अतुल पांडेय, आशीस,प्रभु श्रीवास्तव, आनंद कुशवाहा, राकेश,राजा अजय,साहिल,जय प्रकाश मौर्या,छोटू,रजनीश,संकठा प्रसाद,राहुल, मनीष,रामसजीवन,रोहित ,मंगल साहनी, विकाश सिंह,अनीश रावत सहित आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।





# चार्ट पेपर पर नारा लेखन प्रतियोगिता में बालिकाओं की रचनात्मकता ने जीता दिल

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर विजयनगर, में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें निम्न आय वर्ग की बालिकाओं के लिए ₹चार्ट पेपर पर नारा लेखन प्रतियोगिता₹ का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बालिकाओं की रचनात्मकता को मंच देना, सामाजिक मुद्दों पर उनकी सोच को उभारना और उनमें आत्मविश्वास का विकास करना था। यह कार्यक्रम सामाजिक संस्था उत्थान फाउंडेशन की सफल परियोजना 'बढ़ते कदम' के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसके माध्यम से हर रविवार अंग्रेजी बोलने की निःशुल्क कक्षाएं चलाई जाती हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी बालिकाएं उन्हीं अंग्रेजी कक्षाओं की छात्राएं थीं, जो नियमित रूप से इन कक्षाओं में भाग लेकर स्वयं को शिक्षा से सशक्त बना रही हैं। बालिकाओं ने सामाजिक मुद्दों जैसे बेटी बचाओ, शिक्षा का अधिकार, पर्यावरण संरक्षण, और स्वच्छता जैसे विषयों पर सुंदर, प्रभावशाली और विचारोत्तेजक नारे चार्ट पेपर पर प्रस्तुत किए। इन नारों में उनकी रचनात्मकता, जागरूकता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता स्पष्ट रूप से झलक रही थी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि एवं निर्णायक रुचि गुप्ता रहीं, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि, इन बच्चियों के भीतर जो आत्मविश्वास और सृजनात्मकता है, वह सराहनीय है। ऐसे मंच उन्हें अपनी पहचान बनाने में मदद करते हैं। संस्था की संस्थापक सचिव डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में अंजलि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसने ₹स्वतंत्रता सैनानी भगत सिंह₹ विषय पर अत्यंत प्रभावशाली नारा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली सभी बालिकाओं को अंत में उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर उत्थान फाउंडेशन की सक्रिय सदस्याएं कविता गुप्ता, अलका चौधरी और ज्योति रानी भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने कार्यक्रम के संचालन और बालिकाओं के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही प्रतियोगिता मे ध्वनि जैन भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों और बच्चों के साथ सामूहिक फोटो और उपहार वितरण के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल बालिकाओं के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव रहा, बल्कि यह समाज के लिए यह संदेश भी लेकर आया कि सही दिशा और अवसर मिलने पर हर बच्चा अपनी प्रतिभा से समाज को रोशन कर सकता है।

## अजय त्यागी को इंटरनेशनल नौकायन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर सम्मानित किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** मातृभूमि सेवा संघ के पदाधिकारियों ने सारा ग्राम निवासी अजय त्यागी को आस्ट्रेलिया में आयोजित इंटरनेशनल नौकायन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर संघ का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अजय त्यागी भारतीय सेना मे सूबेदार है। उन्होंने बताया की भारतीय सेना मे जाने से पहले वह इस खेल मे अभ्यस्त नही थे लेकिन भारतीय सेना खेल मे रूचि रखने वाले खिलाड़ियों को कुशल प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण और अनुभवी प्रशिक्षकों की सेवा प्रदान करती है, आज उसी का परिणाम है की मुझे विदेशी धरती पर भारत का माँन बढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मातृभूमि सेवा संघ के पदाधिकारियों ने अजय त्यागी की माता और पिता राकेश त्यागी का भी पटका पहनाकर अभिनन्दन किया और कहा की खिलाडी और सैनिक को तैयार करने मे माता-पिता का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रत्येक उपलब्धि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा और देशवासियो को गौरवान्वित करती है इस अवसर पर विकास भारतीय, आशुतोष सक्सेना, पवन चौधरी, राजीव सैन, अविनाश झां, खुशाल नेगी, डॉ राहुल सैन, अलोक ठाकुर, योगेश कुमार मौजूद रहे।

## पुलिस की नई कार्यप्रणाली से व्यापारियों में उत्साह: अजय शर्मा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद, (अनिल वशिष्ठ)।** गाजियाबाद खाद्य तेल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि पुलिस की नई कार्य प्रणाली से व्यपारियो में उत्साह है। नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर जे रविन्द्र गोड़ ने आते ही व्यपारियों व जनता के हित में बड़ा बदलाव किया है।अब प्रत्येक एफ आई आर की मूल प्रति पुलिस विभाग स्वयं वादी के यहां जाकर सौपेगा। इसी क्रम में अनाज मंडी घंटाघर में खाद्य तेल व्यवसायी व एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता को लूट के मामले में दर्ज कराई गई रिपोर्ट की एफ आई आर गौरव गुप्ता के कार्यालय पर आकर पुलिस द्वारा सोंपी गयी है। गाजियाबाद खाद्य तेल एसोसिएशन इस मामले में इंस्पेक्टर कोतवाली अनुराग शर्मा का तत्वरित कार्यवाही करके बदमाशो को पकड़कर जेल भेजने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करती है।

# एसआरएस इंस्टिट्यूट में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के प्रमाण पत्रों का हुआ वितरण

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** एसआरएस इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी गेझा में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के प्रमाण पत्रों का वितरण माननीय सांसद डॉ राजकुमार सांगवान जिला बागपत व पूर्व विधायक भाजपा चौधरी जितेंद्र सतवाई द्वारा किया गया। डॉ. राजकुमार सांगवान महाविद्यालय में एनसीसी के छात्रा-छात्राओं की प्रस्तुति देखकर बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि गेझा ग्राम मेरा क्षेत्र है और मुझे प्रसन्नता है कि एसआरएस महाविद्यालय क्षेत्र के बच्चों को महत्वपूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के बागपत संसदीय क्षेत्र के टिकट मिलने पर लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी को हार्दिक धन्यवाद दिया। महाविद्यालय सचिव अजय शर्मा ने महाविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की अध्यक्षता कुसुम लता, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू सेठी व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, सतेंद्र, अरुण शर्मा, देवेंद्र त्यागी, रणवीर सिंह, ऋषिराज मास्टर जी, पुनीत नागा, योगेंद्र प्रधान आादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे क अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त करते हुएं धन्यवाद दिया। महाविद्यालय की ओर से प्रमुख रूप से विजय शर्मा, रूचिन शर्मा, अंकुर मित्तल, लोकेश चौहान, शिवम गौड़, सुधीर शर्मा व अन्य सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कन्या इंटर कॉलेज में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** पीबीएएस कन्या इंटर कॉलेज आदर्श नगर में निवोक सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सभासद ललित त्यागी के सहयोग से कराया गया ।जिसका शुभारंभ विनोद वैशाली चेयरमैन मोदीनगर, अमित शर्मा चेयरमैन निवोक हॉस्पिटल, सचिन अहलावत वाइस चेयरमैन निवोक हॉस्पिटल, व दिनेश सिंघल पूर्व जिलाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । इस मौके पर संगीता शर्मा प्रधानाचार्य व ललित त्यागी सभासद ने सभी को पटका पहनकर व सम्मान प्रतीक भेट कर स्वागत किया गया । शिविर में लगभग ४०० लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया जिन्हें दवाइयां भी निःशुल्क दी गई । सभी ने निवोक हॉस्पिटल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर की प्रशंसा करते हुए हॉस्पिटल परिवार को शुभकामनाएं दी । इस मौके पर सत्येंद्र त्यागी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, शिव अग्रवाल, डॉ उमेश श्रीवास्तव, नवीन जायसवाल, जीत सिंह, टेमपाल चौधरी, यतीश त्यागी, महेश कश्यप, विनोद नेहरा, अशोक यादव, गोपाल गुप्ता, ललित शर्मा, नूतन खतियान, अनुज त्यागी, संजय शर्मा, अविनाश त्यागी, संदीप शर्मा, योगेंद्र गोस्वामी आदि उपस्थित रहे ।

## सामाजिक संस्था सर्वधर्म सभा द्वारा निर्धन कन्या का विवाह संस्कार सम्पन्न कराया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर की जानी मानी सामाजिक संस्था ₹सर्वधर्म सभा₹ द्वारा रविवार को छत्रि वाले शिव मंदिर में एक निर्धन कन्या का विवाह संस्कार सम्पन्न कराया गया ।सामाजिक संस्था ₹सर्वधर्म सभा₹ की स्थापना मोदीनगर के प्रमुख उद्योगपति और समाजसेवी ₹मोदीनगर रत्न₹ स्व. सतीश कुमार गुप्ता जी ने सन 1999 में - ₹मानवता की सेवा₹ के उद्देश्य से की थी। तब से ही यह संस्था समाज-कल्याण के विभिन्न कार्यों में जुटी है ।सर्वधर्म सभा के संरक्षक श्री संदीप गुप्ता और वरिष्ठ कार्यकर्ता - डॉ. आशाराम गुप्ता और योगेन्द्र अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया की सभा सुयोग्य गरीब कन्याओं का विवाह-आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त कन्या के परिवार को जाँच परख कर करती है। गौर तलब है कि इस कन्या की बड़ी बहन का विवाह संस्कार भी इसी संस्था के द्वारा 20 जनवरी, 2022 को सम्पन्न कराया गया था। यह संस्था द्वारा कराया गया 85वाँ विवाह संस्कार हैं ।संस्था द्वारा घरेलु उपयोग का कुछ जरूरी सामान *₹उपहार स्वरुप₹* दिया जाता है। यह कार्य समाज के सभी लोगों की भागीदारी के द्वारा ही सम्पन्न होता है। इसमें कोई भी इच्छुक व्यक्ति अपनी सेवाएं किसी भी रूप में दे सकता है। नवयुगल दम्पति को आशीर्वाद देने वालों में विधायक श्रीमती मंजू शिवाच जी, नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली , मंजीत चौधरी, संतोष अरोड़ा, राम किशोर अग्रवाल, बसंत शर्मा, रूप चंद शर्मा, प्रमोद कुमार गुप्ता, नरेश अग्रवाल, महेन्द्र पंत, सुरेन्द्र गुप्ता, बालक राम कश्यप, महेन्द्र शर्मा, सहस्त्र पाल सिंह, उमेश गुप्ता, विकास वार्ष्णेय, लाजपत राय बंसल, अरविन्द शर्मा, अंकित कंसल, सुशील गुप्ता, मनोज शर्मा, राम कुमार गुप्ता ₹सौमित्र₹, विजय जी सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# बिजली के तार की चिंगारी से किसान की करीब 10 बीघे गेहूं की फसल जल कर राख

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** थाना निवाड़ी क्षेत्र के गांव महमद्पुर मतोर में बिजली के तार आपस में टच होने से निकली चिंगारी से किसान की करीब 10 बीघे गेहूं की फसल जल कर राख गई। जानकारी के मुताबिक गांव मोहम्मदपुर मतोर के रामवीर त्यागी व यामीन गांव मोहम्मदपुर मतोर के खेत से जा रही बिजली की लाइन के तार आपस में टच हो जाने से चिंगारी लगने से उनकी करीब 10 बीघे गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी ने बताया कि हर साल क्षेत्र में बिजली के तारों से चिंगारी लगने से बिजली विभाग की लापरवाही से गेहूं की वह गन्ने की फसल हर वर्ष बर्बाद हो रही है। गांव मोहम्मदपुर मतोर में आम के पेड़ भी बिजली की चिंगारी लगने से झुलस गए। गांव मोहम्मदपुर मतोर के निवासी एवं किसान यूनियन के जिला प्रभारी रोहित त्यागी ने बताया हर वर्ष बिजली विभाग की लापरवाही के कारण कितने आम के पेड़ हर वर्ष झुलस जाते हैं। हर साल कई सो बीघे गेहूं की फसल गन्ने की फसल बिजली विभाग की लापरवाही के कारण फसल जल जाती हैं। अगर बिजली विभाग ने जल्द से जल्द बिजली के तार को ठीक न कराया व तहसील के अधिकारियों द्वारा गांव मोहम्मदपुर मतोर में जो गेहूं की फसल बिजली विभाग की लापरवाही के कारण जल का सर्वे करा कर मुआवजा दिलवाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की तो भारतीय किसान यूनियन किसान सभा बड़े स्तर पर जिला अध्यक्ष अरुण कसाना की अध्यक्षता में आंदोलन करेगी।

# पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराधियों को सुधारने की पहल



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** नवनियुक्त पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराधियों को सुधारने की पहल आज की गई। इसके चलते आज जनपद के सभी थानों में अपराधियों को भविष्य में अपराध न करने की शपथ दिलाई गई। पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ के निर्देश पर थानो में पूर्व में अपराधों में संलिप्त रहे लोगों को थाने में बुलाया गया तथा सभी के हाथो में शपथ पत्र देकर अपराध ना करने की शपथ दिलाई गई। मोदीनगर थाने में प्रभारी निरीक्षक प्रशांत त्यागी द्वारा तथा भोजपुर थाने में एसीपी ज्ञान प्रकाश राय तथा थाना प्रभारी अमित शर्मा व निवाड़ी थाने में प्रभु दयाल द्वारा पूर्व में अपराधों में शामिल रहे लोगों को हाथो में शपथ पत्र देकर अपराध न करने की शपथ दिलाई गई।

## बहला फुसलाकर लडकी भगाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बुगरासी।** क्षेत्र के गांव चदियाना निवासी एक व्यक्ति ने नरसेना पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि इसी गांव निवासी 4 व्यक्ति मेरी बेटी को बहला फुसलाकर गाडी में बैठाकर भगाकर ले गये। जिनको ले जाते हुए मेरी पत्नी व मेरी भाभी ने देखा था। आरोपियों ने पुलिस से शिकायत करने पर भुगत लेने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस के अनुसार पीड़ित की तहरीर पर चारों नामजदों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर धरपकड को भागदौड़ शुरू कर दी गई है। एसओ नरसेना रितेश कुमार सिंह ने बताया कि धरपकड के लिये टीम गठित कर दौड भाग शुरू कर दी गई है ।शीध्र ही नामजदों को कानून का होने का एहसास करा दिया जायेगा।

# पुनः जिलाध्यक्ष बनने पर भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** मोरना के इंद्रा देवी महाविद्यालय में पुनः जिलाध्यक्ष बनने पर भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंवर रवेंद्र सिंह व संचालन धामपुर गन्ना समिति के चेयरमैन रामवीर सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें एलबीएसएस ग्रुप के अध्यक्ष कुंवर रवेंद्र सिंह ने राम दरबार, प्रबंध निदेशक कुंवर आलोक कुमार ने गणेश प्रतिमा, अर्नव सिंह ने राम दरबार भेंट कर स्वागत किया। देवता महाविद्यालय के सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह, गन्ना समिति धमपुर के चेयरमैन रामवीर सिंह व डॉ हरीश चौहान ने जिला अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर देवराज कमल, मोरना मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी, डॉक्टर सूरजभान सिंह, नीरज शेखावत, डॉ. महेश यादव, डॉ. जी एस कश्यप, डॉ रणवीर सिंह, संदीप चौहान, पंकज कुमार, मनोज कुमार शेखावत, पंडित कैलाश चंद शर्मा, दिनेश शर्मा, सुशील कुमार, तेजपाल सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानाध्यापक आनंद बल्लभ बड़सीला का निधन, शोक

वेलकम इंडिया



**गरुड़।** तहसील के मटेना गांव निवासी पूर्व प्रधानाध्यापक आनंद बल्लभ बड़सीला का आकस्मिक निधन हो गया है। वे 64 वर्ष के थे। उनके निधन पर गांव में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय चक्रव्रतेश्वर घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र रमेश बड़सीला व कृष्णा बड़सीला ने दी। उनके निधन पर दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट, विधायक पार्वती दास, पूर्व विधायक ललित फर्सवाण, जिपंस जनार्दन लोहुमी, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, जेसी आर्या, मंडल अध्यक्ष सुनील दोसाद,दिनेश बिष्ट, डीके जोशी, नवीन खोलिय, पूर्व ग्राम प्रधान व प्रशासक रविशंकर बिष्ट, उप प्रधान नीमा बड़सीला, पूर्व क्षेपंस भोला दत्त तिवारी, विपिन बिष्ट, वरिष्ठ शिक्षक उमेश जोशी, पूर्व प्रधान चंद्रशेखर जोशी, हेम चंद्र पांडे, अनिल पांडे, कैलाश पांडे, विनोद पांडे, नवीन मिश्रा, कैलाश खुल्बे, विनोद खोलिया, ख्याली दत्त जोशी, दिनेश जोशी, भुवन जोशी, नंदाबल्लभ बड़सीला, चंद्रशेखर बड़सीला, मनोज खोलिया, संजय बड़सीला,मोहन जोशी, संजय पांडे, गोपाल दत्त जोशी आदि ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# पुलिस आयुक्त का सख्त संदेश साइबर अपराधों पर विशेष ध्यान

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** शहर में कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त और जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से नव नियुक्त पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ ने कार्यभार संभालते ही अपने सख्त तेवर और एक्टिव मोड में आ गए हैं। रविवार को उन्होंने थाना कोतवाली नगर और साइबर क्राइम थाना का औचक निरीक्षण कर पुलिस महकमे में खलबली मचा दी।

2005 बैच के अनुभवी आईपीएस अधिकारी जे. रविंद्र गौड़, जो हाल ही में आगरा से गाजियाबाद स्थानांतरित हुए हैं, अपने कड़े प्रशासनिक रवैये, अनुशासनप्रियता और जनता केंद्रित पुलिसिंग के लिए प्रसिद्ध हैं। उनके निरीक्षण से यह साफ हो गया है कि अब गाजियाबाद में लापरवाही और ढील नहीं चलेगी। कोतवाली नगर में उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाएं, शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया, लंबित मामलों की स्थिति, साफ-सफाई, पुलिसकर्मियों का आचरण और अभिलेखों का रखरखाव आदि की गहराई से समीक्षा की। उन्होंने थानेदार को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों को प्राथमिकता से सुना जाए और उन्हें त्वरित न्याय मिले।

गाजियाबाद में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों की गंभीरता को देखते हुए आयुक्त ने साइबर क्राइम थाना का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दर्ज मामलों की समीक्षा की, तकनीकी संसाधनों की स्थिति का जायजा लिया और साइबर अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाइयों की रिपोर्ट मांगी। पुलिस आयुक्त ने साफ कहा कि साइबर अपराध पीड़ितों को शीघ्र राहत दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने साइबर क्राइम सेल को अधिक सक्रिय और संसाधनयुक्त करने के निर्देश दिए ताकि डिजिटल अपराधियों पर तेजी से शिकंजा कसा जा सके। निरीक्षण के दौरान आयुक्त गौड़ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुलिस का मुख्य कर्तव्य जनता की सेवा और सुरक्षा है। पुलिस थाने ऐसे स्थान हों जहाँ आम नागरिक बिना डर, हिचकिचाहट और संकोच के अपनी बात रख सकें। उन्होंने थानों में व्यवस्था, स्वच्छता और नागरिकों के साथ व्यवहार को प्राथमिकता देने की सख्त हिदायत दी। सूत्रों के अनुसार, पुलिस आयुक्त जे. रविन्द्र गौड़ बीट और मैनुअल पुलिसिंग को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय प्रयास कर रहे हैं। वे जल्द ही नियमित औचक निरीक्षण, फील्ड विजिट, और परफॉर्मेंस बेस्ड मूल्यांकन प्रणाली लागू करने की योजना में हैं। गौड़ के पहले ही निरीक्षण से यह संदेश साफ हो गया है कि गाजियाबाद में अब पुलिसिंग सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रहेगी।

# अवैध विज्ञापनों के खिलाफ निगम का महाअभियान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम ने अवैध विज्ञापन के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार रात को एक बड़ा अभियान चलाया। इस रात्रिकालीन महाअभियान में कविनगर और सिटी जोन के विभिन्न इलाकों से 500 से अधिक अवैध होर्डिंग, बैनर और किओस्क बोर्ड हटाए गए। नगर आयुक्त द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों के क्रम में यह कार्रवाई की गई, जिसमें साफ संदेश दिया गया कि शहर को विज्ञापन प्रदूषण से मुक्त किया जाएगा और अब किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभियान का नेतृत्व अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने किया, जो विज्ञापन प्रभारी डॉ. अनुज कुमार सिंह और दोनों जोनों के जोनल प्रभारी राकेश गुप्ता (कविनगर) और महेंद्र अहिरवार



(सिटी जोन) के साथ स्वयं सड़कों पर उतरे। टीम ने कविनगर जोन में रामलीला मैदान से लेकर आरडीसी, राजनगर, कलक्ट्रेट रोड, हापुड़ चुंगी चौराहे तक फैले इलाके में कार्यवाही की।

वहीं सिटी जोन में नवयुग मार्केट, होली चाइल्ड चौराहा, अंबेडकर मार्ग, चौधरी मोड़, घंटाघर और नया बस अड्डा से होते हुए साइन उपवन तक अभियान चलाया गया। नगर निगम की टीम ने रातभर अभियान चलाकर सैकड़ों बैनर, होर्डिंग्स और किओस्क हटाए, जिसमें चार ट्रैक्टर ट्रॉली और एक टिप्पर सामग्री जब्त की गई। नगर आयुक्त के अनुसार, यह महाअभियान केवल एक शुरूआत है और अब प्रतिदिन रात्रि में रोस्टर के अनुसार कार्यवाही जारी रहेगी। नगर निगम इस कार्रवाई को न केवल शहर की सुंदरता बनाए रखने के लिए कर रहा है, बल्कि यह नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए एक कड़ा संदेश भी है। व्यापारी वर्ग और जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल में नगर निगम का भरपूर सहयोग दिया, जिसे निगम ने सराहा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया कि जो लोग तय मानकों के विपरीत अवैध विज्ञापन लगाकर शहर की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई और तेज होगी।

उन्होंने कहा कि अब गाजियाबाद में कागजी चेतावनी नहीं, बल्कि जमीनी कार्रवाई का दौर शुरू हो चुका है। जो समय पर नहीं हटेगा, उसे निगम बुलडोजर से हटाएगा।

## जीडीए की टीम ने किया राम मनोहर लोहिया पार्क का निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देशानुसार रविवार को सचिव राजेश कुमार सिंह द्वारा राजेंद्र नगर स्थित लगभग 40 एकड़ क्षेत्रफल में फैले राम मनोहर लोहिया पार्क का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री मानवेंद्र सिंह, अधिशाषी अभियंता श्री आलोक रंजन सहित अन्य प्राधिकरण के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सचिव ने पार्क को और अधिक उन्नत, सुंदर एवं आधुनिक स्वरूप प्रदान करने के लिए विस्तृत इस्टीमेट तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पार्क के एक विशेष भाग में चमगादड़ों की दुर्लभ एवं अच्छी प्रजाति का निवास पाया गया, जिसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने उनके संरक्षण के लिए उचित प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त, पार्क में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए ओपन जिम की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा पीने के शुद्ध जल की व्यवस्था को भी प्राथमिकता के साथ लागू करने के निर्देश दिए।

## स्कूल कैब ड्राइवर ने मासूम से की गंदी हरकत

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र से एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया। एक 4 साल की मासूम बच्ची के साथ स्कूल कैब के ड्राइवर ने अश्लील हरकत की, जिसके बाद इलाके में गुस्से की लहर दौड़ गई। इस दिल दहलाने वाली घटना ने माता–पिता के मन में बच्चों की सुरक्षा को लेकर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं।घटना की जानकारी तब सामने आई, जब मासूम की मां ने अपनी बेटी के व्यवहार में असामान्य बदलाव देखा और उससे बात की। बच्ची ने मासूमियत भरे शब्दों में अपनी आपबीती सुनाई, जिसे सुनकर मां के पैरों तले जमीन खिसक गई। बिना देर किए मां ने नंदग्राम थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत हरकत में आते हुए आरोपी ड्राइवर मिन्टू रावत को चंद घंटों में ही धर दबोचा।मिन्टू रावत, जो हाल में गाजियाबाद के राजनगर इलाके में रह रहा था, मूल रूप से अमरोहा जिले का रहने वाला है। पुलिस ने उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। यह जानकर और हैरानी होती है कि मिन्टू रोजाना मासूमों को स्कूल पहुंचाने की जिम्मेदारी संभाल रहा था, लेकिन उसकी काली करतूत ने एक बच्ची की मासूमियत को छलनी कर दिया। यह जानकर और हैरानी होती है कि मिन्टू रोजाना मासूमों को स्कूल पहुंचाने की जिम्मेदारी संभाल रहा था, लेकिन उसकी काली करतूत ने एक बच्ची की मासूमियत को छलनी कर दिया।

## दहेज में 20 लाख नहीं मिलने पर दिया तीन बार तलाक

**गाजियाबाद।** थाना टीला मोड़ क्षेत्र में एक विवाहिता को शादी के बाद दहेज में 20 लाख रुपए की मांग पूरी नहीं हुई तीन बार पति ने तलाक बोलकर छुट्टी प ली। साहिबाबाद क्षेत्र में शादी के बाद दूसरी औरत के चक्कर में बीबी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। थाना टीला मोड में दी तहरीर में कहा कि नासिर हुसैन पुत्र गनी खान निवासी मकान नं 682 रघुवीर इन्कलेव पसौंडा ने कहा कि मैने अपनी लडकी नर्गिस का निकाह 24 जुलाई 2020 को आमिर पुत्र अब्बास अली निवासी मुखिया पार्किंग के सामने रघुवीर एन्कलेव साहिबाबाद गाजियाबाद के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार किया था। शादी के बाद नर्गिस मेरे पास रहकर पढाई कर रही है। जिससे मैने उसकी रुकसती नही की थी, इस बीच में इस रिश्ते में कुछ नरमा गर्मी भी पेश आई। इसके बाद मेरी लडकी के ससुराल वालों ने कोई बात नही की, जबकि हमने अब्बास से कई बार मोबाइल पर बात करने की कोशिश की नर्गिस के शौहर ने मेरी लडकी को बताया कि यह शादी जबरदस्ती हुई है जबकि में किसी से मोहब्बत करता हूं इसके बाद इन लोगों ने न तो मेरा फोन उठाया और न ही नर्गिस का। अभी 4 अप्रैल को जब वह अपने घर पर नहीं था तब आमिर पुत्र अब्बास अली, अब्बास पुत्र फतेहद्दीन उर्फ सुंडा, उम्मेद पुत्र फतेहद्दीन उर्फ सुंडा, शोएव पुत्र उम्मेद अली, जुल्लो पत्नी अब्बास अली मेरे घर मे जबरन घुसे मेरी लडकी नर्गिस व मेरी पत्नी असमिला के साथ गाली गलौज मारपीट की कुछ पेपर पर जबरन साइन कराये और 20 लाख की मांग रखी जिसका मेरी बेटी और मेरी पत्नी ने विरोध किया और उन्हें डराकर व 3 बार तलाक कहकर रिश्ता खत्म करके घर से चले गये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## घर के बाहर गली में खड़े ऑटो के दोनों पहिये चोरी

गाजियाबाद। थाना अंकुर विहार स्थित एसएलएफ वेद विहार कालोनी में चारों ने घर के बाहर गली में खड़े ऑटो के दोनों पिछले पहिये चुरा लिये। चोर ऑटो को ईंट पर खड़ा करके चले गये। पीड़ित चालक ने मामले की शिकायत पुलिस से कर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विनोद कुमार वेद विहार कालोनी में परिवार समेत रहते है। वह ऑटो चलाते है। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो दिन पूर्व रात को ऑटो घर के बाहर गली में खड़ा था। देर रात चोरों ने ऑटो के पिछले दोनों पहिये चुरा लिए और ऑटो को ईंट पर खड़ा कर चले गये। मामले की जानकारी सुबह मिली। उन्होंने पुलिस से मामले की शिकायत की है। वहीं दूसरी ओर चोरों ने दिल्ली सहारनपुर रोड स्थित डाकघर के पास से ई रिक्शा चुरा लिया। घटना के समय ई रिक्शा चालक पास बने शौचालय में गया था। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। चोरों की तलाश की जा रही है।

# जिले में अवैध शराब के कारोबारी जाएंगे जेल, आबकारी विभाग का अल्टीमेटम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में नशे के काले कारोबार से पूरी तरह मुक्त करने के लिए आबकारी विभाग ने अपनी कार्रवाई की रफ्तार को तेज कर दिया है। आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम के नेतृत्व में जिला स्तर पर एक सुनियोजित और आक्रामक रणनीति के तहत अवैध शराब कारोबारियों, ओवर रेटिंग करने वाले दुकानदारों और बिना लाइसेंस शराब परोसने वाले रेस्टोरेंट्स-होटलों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया गया है।

इस मिशन के अंतर्गत आबकारी निरीक्षक मनोज शर्मा, अखिलेश बिहारी वर्मा, त्रिवेणी प्रसाद मौर्य, अखिलेश कुमार, राकेश त्रिपाठी और अनुज वर्मा की टीम अपने-अपने क्षेत्रों में न केवल शराब तस्करों के अड्डों पर




दबिश दे रही है, बल्कि लाइसेंसी शराब दुकानों का औचक निरीक्षण कर यह भी सुनिश्चित कर रही है कि उपभोक्ताओं से कोई धोखाधड़ी न हो। दुकानों पर शराब खरीदने पहुंचे ग्राहकों से विभाग की टीम सीधे संवाद कर यह जान रही है कि कहीं उनसे अधिक कीमत तो नहीं वसूली जा रही। शराब दुकानों पर नियमों के पालन की जांच करते हुए सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे चालू हैं या नहीं, दुकान की साफ-सफाई कैसी है, और पॉश मशीन से स्कैनिंग के बाद ही बिक्री हो रही है या नहीं, इन सभी बिंदुओं पर सख्त नजर रखी जा रही है। शराब की ओवर रेटिंग को पूरी तरह खत्म करने के लिए विभाग 'जीरो टॉलरेंस नीतिज् पर अमल कर रहा है। अवैध शराब के खिलाफ यह जंग सिर्फ दुकानों और तस्करों तक ही सीमित नहीं है। आबकारी विभाग ने होटल, बार और रेस्टोरेंट्स में बिना लाइसेंस चल रही शराब पार्टी पर भी बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिना ऑकेजनल लाइसेंस के कोई भी शराब पार्टी आयोजित करना अपराध है, और अगर पार्टी में बाहरी राज्यों की अवैध शराब मिली, तो आयोजनकर्ता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस रद्द करना और जेल भेजना भी शामिल है। इस सघन अभियान के तहत अब गाजियाबाद में शराब बेचने और परोसने के हर पहलू पर डिजिटल और फिजिकल निगरानी की जा रही है।

## पटेल नगर स्थित शिव मंदिर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पटेल नगर के प्राचीन शिव मंदिर में रविवार को एक निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य की शुरूआत मंदिर के महंत विजय गिरी जी महाराज और वरिष्ठ भाजपा नेता हिमांशु पाराशर द्वारा की गई, जबकि उद्घाटन गाजियाबाद शहर के लोकप्रिय विधायक संजीव शर्मा ने किया। इस शिविर में एमएमजी हॉस्पिटल गाजियाबाद के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. दीपक चौहान और उनकी विशेषज्ञ टीम ने क्षेत्र के सैकड़ों लोगों की आंखों की जांच की। विशेष रूप से बुजुर्गों, नेत्र रोगियों और जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां और चश्मे वितरित किए गए। इस पहल से पटेल नगर और आसपास के क्षेत्रों के लोग लाभान्वित हुए।

# अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, सभी थानों में हुई निगरानी गोष्ठी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अपराध नियंत्रण और रोकथाम को लेकर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने रविवार को एक अनूठी और सख्त पहल करते हुए जनपद के सभी थानों में अपराधियों के साथ विशेष निगरानी गोष्ठियों का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखना, उनकी सामाजिक स्थिति का मूल्यांकन करना और भविष्य में अपराधों से दूर रहने की शपथ दिलाना था। इस गोष्ठी में प्रत्येक थाना क्षेत्र से जुड़े उन अपराधियों को शामिल किया गया जो पिछले 10 वर्षों में लूट, डकैती, झपटमारी, चोरी, नकबजनी, वाहन चोरी, जुआ-सट्टा, अवैध शराब, गौकशी, मादक पदार्थ तस्करी जैसे मामलों में संलिप्त रहे हैं। पुलिस द्वारा सभी अपराधियों की प्रोफाइल तैयार करते हुए उनकी वर्तमान स्थिति का



सत्यापन किया गया और उनकी गतिविधियों का मूल्यांकन करते हुए एक विस्तृत विवरण पत्र (डोजियर) तैयार किया गया। इस मौके पर सभी अपराधियों को यह वचन दिलाया गया कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में शामिल नहीं होंगे और कानून का पालन करेंगे। लोनी थाना क्षेत्र में सर्वाधिक 300, मसूरी और मोदीनगर में 200-200, क्रॉसिंग रिपब्लिक में 147, भोजपुर में 173, कौशांबी में 122 और शालीमार गार्डन में 97, कविनगर में 78, इंदिरापुरम में 80, साहिबाबाद में 92, टीला मोड़ में 82, लिंक रोड में 82, निवाड़ी में 87, कोतवाली नगर में 50, विजय नगर में 71, सिहानीगेट में 82, मुरादनगर में 80, वेव सिटी में 87 आदि थानों में भी बड़ी संख्या में अपराधी उपस्थित रहे।

## पेट्रोल पंप के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**गाजियाबाद।** थाना लोनी बार्डर क्षेत्र के गाजियाबाद रोड पर पेट्रोल पंप के पास तख्त पर एक व्यक्ति का शव मिला। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि रविवार सुबह आठ बजे पुलिस को लोगों ने गाजियाबाद रोड पर पेट्रोल पंप के पास तख्त पर शव पड़ा होने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के काफी प्रयास किए, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक के हाथ पर विजय नाम लिखा है। मृतक करीब 48 वर्ष के आस पास का प्रतीत हो रहा है। पूछताछ में पता चला कि व्यक्ति नशे का आदि था। वह मजदूरी करता था और रात में रोड किनारे पड़े तख्त या दुकान के सामने सो जाता था। मृतक के कपड़ों से भी कुछ नहीं मिला है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# वैशाली में नई सौगातः कामना राधे कृष्णा पार्क में सबमर्सिबल का उद्घाटन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-1 स्थित कामना राधे कृष्णा पार्क में क्षेत्रवासियों को एक बड़ी राहत मिली है। रविवार को क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल के अथक प्रयासों से पार्क में नए सबमर्सिबल पंप की स्थापना की गई, जिसका उद्घाटन समाजसेवी श्री के एल शर्मा और भाजपा नेत्री विमला भट्ट द्वारा नारियल फोड़कर विधिवत रूप से किया गया। लंबे समय से पानी की समस्या के कारण पार्क के पेड़-पौधे मुरझा रहे थे, लेकिन अब इस नई सुविधा से हरियाली को नया जीवन मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्री मनोज गोयल ने बताया कि क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का विशेष



आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों से अपील की गई कि पानी की एक-एक बूंद कीमती है, अतः उसका दुरुपयोग न करें और इस प्रयास को सफल बनाएं। बिना जल पृथ्वी पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। प्रधानाचार्य अंशु प्रिया ने कहा कि जल अमूल्य है। यदि पानी की यूं ही बबार्दी करते रहे तो एक दिन रेगिस्तान बन जाएगी हमारी धरती। पानी की एक बूंद भी बर्बाद न करें। उद्घाटन समारोह में भाजपा मंडल मंत्री मीरा सेंगर, शुभम सिंह, ज्योति पवित्रा, प्रमोद सेंगर, दुष्यंत गौतम, बीजी सिंह, प्रहलाद सिंह, ए एन पाठक, पार्वती, स्वाति दुबे, सुरेश राज सिंह, दीपा भाटिया, रेखा, शंभू, शशि पाल, चंद्रावती, मनीष पाल, राहुल राणा, अवधेश मिश्रा और पिंकी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

# अनुराग कश्यप के विवादित बयान पर विशाल आपातकालीन बैठक का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राजनगर स्थित दुर्गा टावर आरडीसी में विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में रविवार को एक विशाल आपातकालीन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में रणनीति बनाना और एकजुट स्वर में विरोध प्रकट करना था। बैठक में महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने अनुराग कश्यप के बयान को ब्राह्मण समाज का गंभीर अपमान करार देते हुए सख्त शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा, अनुराग कश्यप ने ब्राह्मणों के खिलाफ बयान देकर अपनी संकीर्ण सोच और संस्कारों की झलक दिखाई है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि उन्होंने यह भी नहीं सोचा कि उनके शब्दों का बच्चों और महिलाओं पर क्या असर होगा। उनका बयान न सिर्फ आपत्तिजनक है



बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने वाला भी है। बीके शर्मा ने कहा कि ब्राह्मणों ने सदा से समाज और देश को ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन प्रदान किया है। गुरुकुल परंपरा से लेकर स्वतंत्रता संग्राम और आधुनिक युग तक ब्राह्मणों का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने बताया कि ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले जैसे समाज सुधारकों को ब्राह्मणों का भरपूर समर्थन मिला था। सत्यशोधक समाज की नींव में भी ब्राह्मणों का योगदान रहा है।

उन्होंने अनुराग कश्यप पर तीखा हमला करते हुए कहा कि घटिया सोच वाले लोग ही ऐसी फिल्में बनाते हैं और वैसा ही बोलते हैं। लेकिन उनके बयानों से ब्राह्मणों की महानता पर कोई फर्क नहीं पडे वाला।

बैठक में अनुराग कश्यप के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग उठी और यह निर्णय लिया गया कि इस मुद्दे को पूरे देश में उठाया जाएगा ताकि कोई भी व्यक्ति किसी समाज या जाति का अपमान करने की हिम्मत न करे। बैठक में सैकड़ों ब्राह्मण समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे, जिनमें महेश शर्मा, रविंद्र शर्मा, बृजपाल शर्मा, आरसी शर्मा, देवेंद्र शर्मा, कुमार देवाशीष ओझा, शिव कुमार शर्मा, सुभाष शर्मा, विनीत कुमार शर्मा, सचिन भारतीय, अंकित शर्मा, कार्तिक शर्मा सहित कई गणमान्य सदस्य शामिल रहे।